CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 47 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण पोषण की हकदार: हाईकोर्ट पेज 2



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे खेल टाइम्स



भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा सम्पादकीय



इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार ट्रम्प ने 20 पॉइंट का बनाया प्लान पेज 12

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने मंगलवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पीएम मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। मोदी ने एक्स पर कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा एक महान नेता थे जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनका निधन बहुत दुखद है।

## करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा कि क्या सीएम स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है, तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं सीएम से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा कि जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितम्बर की शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीवीके के जिला सचिव वीपी माथिय्यालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है।

## चैतन्यानंद की महिलाओं के साथ चैट सामने आई

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के बारे में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की है। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। यही नहीं, चैतन्यानंद के फोन में कई एयरहोस्टेस की फोटोज भी मिली हैं। उसने कई महिलाओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो भी सेव करके रखी थीं। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ हो रही है।




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया, तापमान में गिरावट और प्रदूषण स्तर में सुधार से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

# पीएम ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।

उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय



■ **कहा: गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए, लेह में इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद**

ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

## वांगचुक की पत्नी बोलीं- डीजीपी के आरोप झूठे

**लेह।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिये किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं,

■ **कहा: ये अपने आप में एक साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा**

बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है?

# 26/11 पर चिदंबरम का बड़ा खुलासा

## बोले- मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव

**कहा: नहीं कर पाए पाकिस्तान पर कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया।



■ **मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से की थी चर्चा**

### जिंदा पकड़ा था अजमल कसाब, बाद में फांसी दी

**नई दिल्ली।** हमले के बाद 3 दिनों तक सुरक्षाबल के जवान आतंकवादियों से लड़ते रहे और 9 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया।

कसाब को हमले के अगले ही दिन, यानी 27 नवंबर को जुहू चौपाटी से गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2009 में स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। 25 फरवरी 2009 को 11 हजार पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की गई। इस दौरान कसाब के नाबालिग होने पर भी विवाद चलता रहा। मार्च 2010 में केस से जुड़ी सुनवाई पूरी हो गई। 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में सुबह कसाब को फांसी दी गई थी। 3 मई 2010 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कसाब को 26/11 हमले में दोषी पाया और 6 मई को फांसी की सजा सुनाई। 2011 में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कसाब को राहत नहीं दी और फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। कसाब ने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पास दया याचिका भेजी, जिसे 5 नवम्बर को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर का अप्रैल में भारत प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का इसी साल अप्रैल में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण किया गया है। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयारी जरूरी: सीडीएस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड



■ **कहा : भारतीय डीएनए बेहद खास है**

आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा।

## ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने एसीसी की बैठक में जताया विरोध

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं।

## इंडिगो उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

# हिस्ट्रीशीटर की कोर्ट परिसर में हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को कचहरी परिसर में प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की युवती के भाइयों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि बुलंदशहर नगर के ऊपर कोट निवासी नईम अंसारी नामक हिस्ट्रीशीटर बदमाश नगर की ही गद्दी बिरादरी की एक युवती को दो दिन पूर्व भगाकर ले गया था। मंगलवार को अपराह्न वह जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था। इस

■ **जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था मृतक**

दौरान जब वह कुछ कागजों के फोटो स्टेट करवाने के लिए दुकान पर पहुंचा, तभी लड़की के भाइयों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करना शुरू कर दिया। हत्या करने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्यारों की संख्या दो से तीन थी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी

**पटना।** मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# तीनों सेनाओं का एकीकरण अब वक्त की जरूरत: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा समय में थल, जल, वायु ,अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के क्षेत्रों के आपस में गहराई से जुड़े होने तथा सुरक्षा के बदलते स्वरूप और खतरों की जटिलता को देखते हुए तीनों सेनाओं के एकीकरण पर बल दिया है ।

उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उसमें बेहतर विकल्प यही है कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें। उन्होंने कहा कि अंतर संचालन और एकीकरण अब केवल वांछनीय लक्ष्य नहीं रह गए, बल्कि

■ **कहा: आज के दौर में आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर विकल्प यही है**

अब ये संचालन जरूरत बन चुके हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां तीनों सेनाओं के सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिना जाता है और हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा तथा अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन



एकीकरण और तालमेल के बिना इससे जो मूल्य या अनुभव या नई चीज उस सेना ने सीखी वह उसी तक सीमित रह गई और उसका फायदा दूसरी सेना को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सुरक्षा और खतरों का स्वरूप बदल चुका है और वे अधिक जटिल हो गए हैं इसे देखते हुए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण जरूरी है, जिससे मिलकर चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल चुका है। खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। आज थल, जल, वायु , अंतरिक्ष और साइबरस्पेस ये सभी क्षेत्र आपस में गहराई से जुड़ गए हैं। ऐसे समय में कोई भी सेना यह सोचकर अलग-थलग नहीं रह सकती, कि अपने क्षेत्र में वह अकेले ही सब संभाल लेगी। आज के दौर में, जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं, उसमें बेहतर विकल्प यही है, कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत फिर से चुना गया आईसीएओ परिषद का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद के भाग 2 के लिए दोबारा चुना गया है। भाग 2 में वे देश शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक हवाई नेविगेशन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह चुनाव 27 सितम्बर को मॉन्ट्रियल में आयोजित आईसीएओ की सभा के 42वें सत्र के दौरान हुआ। इसमें भारत को 2022 के चुनावों की तुलना में अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, 2 सितम्बर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आईसीएओ सभा के 42वें सत्र से पहले नई दिल्ली में राजदूतों और उच्चायुक्तों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने 2025-2028 के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए सदस्य देशों से समर्थन मांगा था।

### मल्होत्रा के निधन पर योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर अत्यंत दुष्खद व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने एक्स पर लिखा- मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह लगभग छह बजे उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण-पोषण की हकदार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी विवाह को शून्य घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण पाने की हकदार बनी रहती है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की ओर से भरण-पोषण के लिए दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया और पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

इसके साथ ही नए सिरे से फैसले पर विचार करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने श्वेता जायसवाल की पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। चंदौली निवासी श्वेता जायसवाल ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था।

न्यायालय ने नवम्बर 2017 के आदेश से कहा कि पति के पहली शादी को छुपाने के आधार पर पत्नी अलग रह रही है। वह स्वयं पत्नी होने का कर्तव्य नहीं निभा रही। पत्नी पिछली शादी को छिपाने के आधार पर विवाह शून्यता की डिक्री प्राप्त कर सकती है। इसलिए वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हालांकि उनकी नाबालिग बेटी के लिए 2,000 रुपये प्रति माह के भरण-पोषण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ याची पत्नी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पारिवारिक न्यायालय के फैसले रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक एक शून्यकरणीय विवाह को डिक्री से शून्य घोषित नहीं किया जाता, तब तक विवाह बना रहता है। कोर्ट ने मामले को पारिवारिक न्यायालय को वापस भेज दिया और निर्देश दिया कि वह भरण-पोषण के दावे के संबंध में नए सिरे से आदेश पारित करें।

# टीईटी अनिवार्य: शिक्षकों-कर्मचारियों का ऐलान

## 25 नवम्बर को करेंगे दिल्ली कूच, पुरानी पेंशन बहाली की भी होगी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विभागों में निजीकरण समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया जाएगा

**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर शिक्षकों-कर्मचारियों के 25 नवम्बर को दिल्ली कूच की घोषणा की है। इस आंदोलन के माध्यम से विभागों में निजीकरण समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि इससे पहले एक अक्तूबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

25 अक्तूबर को देश की सभी राजधानियों में एक साथ दिल्ली रैली के लिए सामूहिक प्रेसवार्ता होगी। वहीं आठ नवम्बर को दिल्ली में सभी प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक भी होगी। इसमें रैली की सफलता की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक में रामानुजय पलेला, सरदार सुखजीत सिंह, वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, डा. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को हुई आनलाइन बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तथ्यों के साथ लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व हस्ताक्षर अभियान पूर्व की भांति चलता रहेगा।

## बरेली बवाल को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बरातघर सील किया, रिश्तेदार हिरासत में लिए गए

■ डा. नफीस समेत 31 आरोपी गिरफ्तार, जांच को एसआईटी गठित, इंटरनेट सेवा बहाल

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद ओमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गो. कशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया, तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहज. हांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है।

### सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाया निर्दोषों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बरेली।** बरेली में 26 सितम्बर को हुए बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी से शिकायत की है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उन्हें बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी का लक्ष्य पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी मुकदमे में शामिल कर दिया है, जो बवाल वाले दिन बाजार में खरीदारी करने या किसी और काम से आए थे। सपा नेताओं ने कहा कि बवाल के मामले में कई बुजुर्गों और बच्चों को भी नामजद किया गया है। कोतवाली और बारादरी थाना पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी कर रही है, इसे रोका जाए।

# रिहा हुए पूर्व सपा विधायक इरफान की भाई रिजवान

**कानपुर, वार्ता**



33 महीनों में 1061 रातें जेल में कैसे काटी हैं इसका दर्द बयां नहीं किया जा सकता। तीन साल मां, पत्नी और बच्चों से दूर रहने का बहुत कष्ट है। मां सिर पर हाथ रखेगी उनका आशीर्वाद लूंगा। यह बात सोमवार रात 8.15 बजे जिला कारागार से रिहा हुए सीसामऊ के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कही।

बाहर आकर बच्चे जिनिया और मुज्जू के माथे को चूमा, तो आंखों से आंसू छलक पड़े। कहा कि अब एक नई जिंदगी की शुरूआत करनी है। जेल के बाहर रिजवान की रिहाई की जानकारी होते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। रिहाई होती है, परिवार, दोस्त और कार्यकर्ताओं ने गले लगना शुरू कर दिया। रिजवान जेल से सबसे पहले नमाज अता करने ईदगाह पहुंचे। इसके बाद अब्बू हाजी मुश्ताक सोलंकी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। वहां से वह परिवार के लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ जाजमऊ डिफेंस कालोनी घर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जेल के बाहर मां खुर्शीदा और पत्नी रोजी रिजवान का बेसब्री से इन्तजार करतीं दिखीं। इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी ने दो दिसम्बर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के आवास पर आत्मसमर्पण किया था। सात जून 2024 को इरफान व रिजवान समेत अन्य आरोपियों को सात साल कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।



सेंसेक्स 80956.01

निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 137467

प्रति किलो



# सेंसेक्स आठ दिन में 2746 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स आज सुबह बढ़त में था, लेकिन बाद में उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंततः 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक चार सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गये हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बुधवार को जारी होने वाले बयान से पहले सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। धातु और ऑटो समूहों में भी तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, रियलिटी, आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में निवेशकों ने बिकवाली की।

मझौल कंपनियों पर कम दबाव रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिर गया। वही स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,517 के शेयर बढ़त में 1,507 के गिरावट में रहे, जबकि 94 कंपनियों के शेयर भाव अंततघ अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में तेजी और शेष में गिरावट रही। आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 1.19 प्रतिशत गिर गया। भारती एयरटेल में 1.18 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.13 प्रतिशत और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.43 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 1.41 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सनफार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त से साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.87 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत की गिरावट में था।

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की कवायद शुरू कर दी है। यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकती है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेशी यात्रियों के लिए आज से ई-अराइवल कार्ड की सुविधा

■ आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में की जा रही सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार से विदेशी यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड की सुविधा शुरू होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को बताया कि आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सहज प्रक्रिया तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने आगमन की जानकारी ऑनलाइन भरने होगी।

इससे हवाई अड्डे पर मैन्युअल कागज-आधारित कार्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल यात्रियों के लिए अराइवल की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दक्षता में भी सुधार होगा, कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी से हवाई अड्डे के हरित लक्ष्यों को भी बल मिलेगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के कुछ विश्वस्तरीय हवाई अड्डों पर ऐसी ही सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। विदेशी यात्री अपनी आगमन जानकारी आव्रजन ब्यूरो के पोर्टल, भारतीय वीजा वेबसाइट और भारतीय वीजा मोबाइल ऐप 'सु-स्वागतम' के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर सुरक्षित तरीके से भर सकते हैं। यह उनके आगमन से तीन दिन पहले तक किया जा सकता है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड सुविधा शुरू करने के लिए आव्रजन ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय, परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, जून 2024 में दिल्ली हवाई अड्डा 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई- टीटीपी) शुरू करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया था।

# यूपी में भेड़ियों की दहशत, दंपति को जिंदा चबाया

**बहराइच।** बहराइच में मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में सोमवार रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं।

लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है। पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले। सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे, तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए, तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है। गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं। वहीं बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और शहर में हुए बवाल के आरोपी डा. नफीस की नावल्टी स्थित मार्केट को नगर निगम ने सोमवार को सील कर दिया। इसमें 74 दुकानें हैं। इसी मार्केट में आईएमसी का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। उस पर भी नगर निगम ने ताला लगा दिया है। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में उठाए सवाल

कांग्रेस ने महिलाओं तथा आदिवासियों के खिलाफ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अपराध संबधी आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि ये आंकड़े आदिवासियों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ सरकार के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हैं।

कांग्रेस ने आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ 2023 में हुए अपराधों का विवरण देने के साथ ही बिहार में हुए अपराधों के भी आंकड़े दिये हैं और कहा है कि वहां सरेआम हत्या, गैंगवॉर, दिन-दहाड़े लूट, अपहरण, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा बिहार में दलितों के साथ हुए अपराधों भी विवरण दिया है। पार्टी ने कहा ष्मोदी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़े हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,48,211 केस दर्ज हुए, जबकि 2022 में यह संख्या 4,45,256 थी। साफ है कि अपराध का ये आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महिला सुरक्षा के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। आदिवासियों के साथ हुए अपराधों का आंकड़ा देते हुए पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े साल 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आए हैं। साल 2023 में 12,960 अपराध के मामले दर्ज हुए जबकि इससे पहले साल 2022 में 10,064 अपराध के मामले दर्ज हुए।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के हक छीने जाते हैं और जब वो इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार की मानसि. कता 'आदिवासी विरोधी' है। पार्टी ने बिहार के साथ ही दलितों के साथ हुए अपराधों का हवाला देते हुए मोदी सरकार को दलित विरोधी बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ 15,130, राजस्थान में 8,449, मध्य प्रदेश में 8,232, बिहार में 7,064 और महाराष्ट्र: 3,024 अपराध हुए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकत्ता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गोपी ने लगाई फांसी

## पूर्व में रहा आपराधिक इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अरुण कुमार उर्फ गोपी ने बीती रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला चौधरियान निवासी अरुण कुमार उर्फ गोपी (50 वर्ष) ने बीती रात अपने कमरे में फांसी लगा ली। जब सुबह उनका दरवाजा खुलवाने की कोशिश की गई तो दरवाजा नहीं खुला। सभी घर वाले परेशान हो गए, किसी तरह से दरवाजे को खोला गया और जैसे ही अंदर जाकर देखा घरवालों के होश उड़ गए। पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार के अनुसार गोपी फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। जल्दी से उसको नीचे उतर गया। लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी। घरवालों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। गोपी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भेजा गया। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि अग्रिम कार्यवाही परिजनों की तहरीर के आधार पर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के उपरांत ही की जाएगी। बस्ती के कुछ सम्मानित लोगों ने बताया कि गोपी काफी वर्षों पहले अपने माता-पिता के साथ अपने ननिहाल राना परिवार में आकर शिफ्ट हो गया था। हालांकि उनका जन्म ग्राम स्वाहेडी (बिजनौर) में हुआ था। उनके पिता का नाम जोगेश सिंह था। गोपी अपने पीछे रोता बिलखता हुआ परिवार छोड़ गया हैं। उनके परिवार में माता, पत्नी ,भाई और एक 7 वर्षीय पुत्री है। गोपी का रिकॉर्ड बस्ती में अच्छों के साथ अच्छाई के रूप में और बुरों के साथ बुराई के रूप में जाना जाता है। मर्डर केस में भी उनका नाम रह चुका हैं और कई बार जेल भी जा चुके हैं। अभी भी कई लड़ाई झगड़ों के केसों में उनके नाम चल रहे हैं। इन सबके बावजूद भी वह एक सामाजिक जीवन जी रहे थे। इसीलिए उन्होंने रामलीला वार्ड से सभासद का चुनाव भी लड़ा था, ताकि वार्ड वासियों के लिए कुछ अच्छा कार्य कर सके। लेकिन चुनाव हार गए थे।

# सऊदी अरब से सीएम योगी की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाई

## फेसबुक पर वायरल की, आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी एक युवक ने सऊदी अरब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट करके एक आपत्तिजनक वीडियो बनाई और अपनी फेसबुक आईडी पर वायरल कर दी। मंगलवार को यह वीडियो संज्ञान में आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। एक भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसके पिता व भाई को हिरासत में ले लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर उर्फ चांदपुर निवासी शहजान अंसारी (22 वर्ष) पुत्र मौहम्मद उस्मान लगभग 7-8 महीने पहले सऊदी अरब गया था। वह सऊदी अरब के रियाद शहर में रहकर फर्नीचर बनाने का काम करता है। बताया गया है कि युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर एक वीडियो बना कर डाली है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोटो एडिट करके उस पर एक पशु का फोटो लगाकर उसे आपत्तिजनक बना दिया। आज सुबह गांव के कुछ लोगों ने उसकी फेसबुक आईडी पर वह वीडियो देखी, जिसमें मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक फोटो देखकर हिंदू समाज के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता खेम सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर इसकी शिकायत की। वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी भी सऊदी अरब में ही रह रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के पिता मौहम्मद उस्मान और बड़े भाई जीशान अंसारी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी के पिता मौहम्मद उस्मान और भाई जीशान के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है।

## एक नजर

### शरारती तत्वों ने आम के पौधे नष्ट किए



**बिजनौर।** थाना कोतवाली शहर के गाम झलरा निवासी फाजिल का रेलवे फाटक के नजदीक वर्षो पुराना आम का बाग है। आम के कुछ पेड़ अज्ञात बीमारी से सूख गये थे। जिससे आम के बाग की रौनक बेनूर लग रही थी। करीब 15 दिन पूर्व ही फाजिल ने हजारों रुपये खर्च करके खाली जगह पर नये पौधे लगाये थे। मंगलवार की रात्रि में अज्ञात शरारती तत्वों ने बाग मे घुसकर लगभग सभी पौधों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। जिससे न सिर्फ हजारों रुपये का नुकसान हुआ, बल्कि बाग की रौनक खत्म हो गई। बाग की रखवाली करने वाले सुलेमान ने बताया कि वो रात्रि में 11 बजे तक जंगली जानवरों से पौधों की देख-रेख करके घर चला गया था। उसके बाद ही बाग के अंदर अज्ञात लोग दाखिल हुए हैं। घटना को लेकर फाजिल ने डायल 112 पुलिस से शिकायत करके कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ग्राम के सामाजिक लोगों ने बताया की पेड़ को इंसान अपने बच्चों की तरह पालता है। ये घटना इंसानियत को शर्मसार करती है। उन्होंने बताया कि ये काम कोई नशेड़ी प्रवृत्ति का इंसान ही कर सकता है।

### एक्स-रे मशीन खराब होने से परेशानी

**अफजलगढ़।** सीएचसी की एक्स-रे मशीन पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है। बारिश के चलते आई तकनीकी खराबी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीज मायूस होकर लौट रहे हैं। मरीजों और नगरवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही मशीन दुरुस्त नहीं हुई, तो उन्हें एक्स-रे कराने के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ेंगे। जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। इस संबंध में डॉ. मोहित ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। जांच टीम भी दौरा कर चुकी है। उम्मीद है कि जल्द ही मशीन ठीक हो जाएगी और मरीजों को राहत मिलेगी।

### घर से जेवरात व नकदी गायब

**नहटौर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती की बारात 2 अक्टूबर को आनी है। बताया जाता है कि घर में शादी समारोह की तैयारियां चल रही थी। कुछ मेहमान भी आ गए थे। युवती नहाने के लिए गई थी। इसी दौरान सेफ अलमारी में रखे चार तोले के सोने के जेवरात कंगन, झाले, सैट के अलावा पचास हजार रुपए की नगदी भी गायब हो गई। जेवरात व नगदी सेफ से गायब होने पर हड़कंप मच गया। घर में काफी तलाश की गई, लेकिन कोई अता पता नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### धमाके बाद फैक्ट्रियां बंद

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव सीकरी खुर्द में पटाखा फैक्ट्री में बारूद छानने के दौरान निकली चिंगारी से आग लगने के बाद तेज धमाके के साथ विस्फोट होने पर चार लोग घायल हो गए थे। जिसको लेकर प्रशासन हरकत में आया था। पुलिस ने फैक्ट्रियों का भी निरीक्षण किया था। निरीक्षण में अधिकांश फैक्ट्री बंद मिली थी। धमाके के बाद फैक्ट्रियों को बंद कर दिया। आस-पास के क्षेत्र में दहशत दो दिन बाद भी बरकरार है। पटाखा फैक्ट्रियों का गढ़ बन रहे मुकर्रमपुर में भी फैक्ट्री बंद रही। कुछ श्रमिकों ने बताया कि फैक्ट्रियो में हमेशा खतरा बना रहता है। कम समय में पूरी मजदूरी मिलने के लालच में श्रमिक काम करते है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के शरीर में से भी बारूद की गंध आती है। फैक्ट्री में लम्बे समय से काम करने वाले कई श्रमिक बीमार भी हो चुके है। धमाका होने के बाद फैक्ट्री में अनदेखियों की परते खुलने लगी है। फैक्ट्री के श्रमिकों को किसी भी प्रकार का कोई दस्ताने व मास्क तक नहीं दिए जाते हैं।

### मारपीट के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला नौधना निवासी आसिम पुत्र नसीम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि मौहल्ले के ही अब्दुल रशीद, सादिक, शारिक और नईम ने उसके भतीजे यासिर के साथ मारपीट की और घर में घुसकर तोड़फोड़ की। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# नवरात्र अष्टमी पर समाजसेवी जिम्मी सिंह ने किया कन्या पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन शहर के जाने-माने समाजसेवी जिम्मी सिंह ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए कन्या पूजन किया। इस दौरान उन्होंने नन्हीं बालिकाओं को जिमाया और उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। जिम्मी सिंह ने स्वयं कन्याओं को भोजन परोसा और उनके चरण पखारकर देवी स्वरूप मानकर पूजन किया। इसके बाद सभी कन्याओं को उपहार, फल-फूल और मिठाई वितरित की गई।इस अवसर पर जिम्मी सिंह ने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। कन्याएं मां दुर्गा का जीवंत स्वरूप होती हैं। जब हम उन्हें पूजते हैं, तो यह न केवल धार्मिक आस्था को बल देता है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा का संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित और सशक्त बनाना ही असली पूजन है। कन्या पूजन कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जिम्मी सिंह की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और बेटियों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

# एसडीएम ने किया भवन का शिलान्यास

## जैन समाज के सहयोग से सुधरेगी जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की हालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खस्ता हालत में पहुंचे जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की हालत सुधारने के लिए जैन समाज ने कदम उठाया है। जिसके तहत जैन समाज के कई लोगों ने सहयोग करते हुए नए भवनों का शिलान्यास किया है। प्रबंध समिति कॉलेज को व्यवस्थित करने के प्रयास में लगी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में कभी अपनी शिक्षा व्यवस्थाओं के लिए प्रसिद्ध जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज देखते ही देखते बदहाली में पहुंच गया। हजारों की संख्या में पढ़ने वाले छात्र सैकड़ों के आंकड़े में पहुंच गए। प्रबंध समिति का चुनाव होने के बाद कॉलेज की स्थिति सुधारने के लिए प्रबंध समिति ने समाज के लोगों के साथ मिलकर काम करना शुरू किया। कॉलेज को पुरानी प्रसिद्धि दिलाने के लिए प्रबंध समिति प्रयास कर रही है। इसी की तहत सोमवार को जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के भवन के नवीनीकरण के कार्यक्रम का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम धामपुर



स्मृति मिश्रा की मौजूदगी में विधिपूर्वक भवन का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम संयोजक सिद्धांत जैन ने बताया कि कमल कुमार जैन किरतपुर के सहयोग से दो कमरे, श्रेयांश जैन के सहयोग से एक कैमरा, हिमांशु जैन व रिचा जैन के सहयोग से एक कमरा, सुकेश जैन व राजेश जैन के सहयोग से एक कमरा, इसके अलावा नवीन भटनागर, अनंत जैन, विनय जैन, अनुराग जैन, अजय जैन, नरेंद्र जैन आदि ने भी सहयोग किया है।

कार्यक्रम में ईओ ओमगिरी, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, प्रबंधक संदीप जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, कार्यक्रम संयोजक सिद्धांत जैन, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन, दीपक जैन, पूनम जैन, कामनी जैन, उपाध्यक्ष पूनम जैन, सदस्य कामनी जैन, सदस्य पूनम जैन, रिचा जैन, कमल जैन, श्रेयांश कुमार जैन, सुकेश जैन, राजेश जैन, प्रधानाचार्य हेमंत सागर मौजूद रहे।

# नदी में डूबने से युवक की मौत

## मछली पकड़ने के दौरान हादसा, 22 घंटे बाद शव बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** समीपवर्ती ग्राम भोजपुर में स्थित मालन नदी में मछली पकड़ने गए तीन युवकों में से एक की नदी में गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने रेस्क्यू टीम की मदद से लगभग 22 घंटे में शव बरामद कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोमन (40 वर्ष) पुत्र इसहाक निवासी ग्राम

### शव मिलते ही परिजनों में कोहराम

किशनपुर थाना बिजनौर, नासिर (28 वर्ष) पुत्र भूरे निवासी ग्राम किशनपुर थाना बिजनौर तथा अकील (27 वर्ष) पुत्र शरीफ निवासी ग्राम भोजपुर थाना किरतपुर रविवार को मछली पकड़ने के लिए नदी किनारे गए थे। इस दौरान अचानक मोमन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर पुष्पा देवी पुलिस बल के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचीं और रेस्क्यू टीम को बुलाकर राहत कार्य शुरू कराया।

कड़ी मशक्कत और करीब 22 घंटे की लगातार कोशिशों के बाद पुलिस एवं गोताखोर टीम ने मोमन के शव को नदी से बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिजनों को सौंप दिया।

स्थानीय ग्रामीणों ने किरतपुर पुलिस की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर पुष्पा देवी स्वयं मौके पर डटी रहीं और बचाव कार्य में हर संभव सहयोग किया।

# सड़कों पर नहीं, दिल से करें रसूल से मोहब्बत

## पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष का सरकार बदलने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने बरेली की घटना पर अफसोस का इजहार करते हुए कहा कि सड़कों पर उतर कर हुड़दंग करने की बजाए रसूल ए पाक से दिल से मौहब्बत करें। उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे बड़ी जरूरत प्रदेश सरकार को बदलने की है। जब तक सरकार नहीं बदलेगी, तब तक दबे-कुलचे समाज पर अत्याचार व जुल्म होता रहेगा और उसकी कोई सुनवाई नहीं होगी।

पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि हमे अपने किरदार को बुलंद करते हुए शांति व सद्भाव के साथ ही अक्ल से काम लेना चाहिए। आज हम अपनी बेवकूफी की वजह से शिकार बन रहे है। हम हालत नहीं देख रहे है। हमें हालात के मुताबिक अमल करना चाहिए। सबसे पहली कोशिश मौजूदा सरकार को बदलने की होनी चाहिए। इसके लिए पहले वोट बनवाए जाए और अपना जन्म व मूल निवास प्रमाण पत्र भी संभाल कर रखा जाए। मतदान के दिन एक-एक वोट डलना चाहिए। किसी तरह की बहाने-बाजी फिर पांच साल तक बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। लोकतंत्र में वोट ही सिर्फ एक ऐसा बड़ा हथियार होता है, जिससे तानाशाही खत्म की जा सकती है।

उन्होंने तालीम पर जोर देते हुए कहा कि जज्बातों को मतदान के वक्त तक संभाल कर रखा जाए। तालीम से अकल आती है और वो सही रास्ता दिखाती है। रसूल से अगर सच्ची मौहब्बत है, तो दीन के रास्ते पर चला जाए। किसी भी तरह से ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे नुकसान पहुंचता हो।

# पीड़ित प्रेमिका को दरोगा व सिपाही ने थाने से भगाया

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** थाने में इंसाफ की गुहार लेकर गई पीड़िता प्रेमिका की उम्मीद दरोगा और सिपाही के डांट कर भगाने से क्या टूटी वो थाने में ही रो रो कर बेहाल हो गई। रो रो कर थाने को आंसुओं से भरने वाली पीड़िता ने अपनी जान जाने की जिम्मेदारी का गंभीर आरोप दरोगा पर मंढते हुए चेयरमैन व सभासद पर दूसरे पक्ष से हमसाज होने का इल्जाम लगाया।

मंडावर थाने में इंसाफ की गुहार लेकर गई मौहल्ला कस्साबान की शगुफ्ता को संबंधित दरोगा और सिपाही ने थाने से डांट कर भगा दिया। न्याय की उम्मीद टूटने पर पीड़िता इतनी हताश हो गई कि वो थाने में ही बिफर गई और उसने रो रो कर थाने को आंसुओं से भर दिया । इस बीच किसी ने रोती हुई पीड़िता की वीडियो बना ली। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जिसमें पीड़िता रो रो कर बेहाल है । पीड़िता रो रो कर इंसाफ न दिलवाने और थाने में डांटकर संबंधित दरोगा और सिपाही पर आरोप लगा रही। पीड़िता जहा दरोगा पर अपनी जान जाने की जिम्मेदारी का गंभीर आरोप लगा रही हैं वही कस्बे के चेयरमैन और अपने मौहल्ले के सभासद पर दूसरे पक्ष से हमसाज होने और उसे न्याय से महरूम कराने का आरोप लगा रही है।

जानकारी के मुताबिक मंडावर के मौहल्ला कस्साबान निवासी सुहेल (उर्फ) अमन पुत्र इसरार अहमद निवासी ने जनवरी 2024 में प्रेम विवाह किया गया था। विवाह उपरान्त सुहेल के माता-पिता द्वारा उसे बेदखल कर दिया गया था। जिसके उपरान्त शगुफ्ता व सुहेल उत्तर प्रदेश राज्य के शहर बड़ौत, जनपद बागपत में किराये पर रहने लगे। जहां सुहेल ब्यूटी पार्लर का कार्य करता था। 25 सितम्बर 2024 को सुहेल बिना बताए कस्बा बड़ौत, जनपद बागपत से कहीं चला गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा थाना बड़ौत, जनपद बागपत पर भी तहरीर दी गयी।

वह पति को ढूंढते हुए वह मंडावर पहुंची। वायरल विडियो में महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने मारपीट कि जब वह शिकायत करने मंडावर थाने पहुंची, तो पुलिस ने चेयरमैन व सभासद के दबाव में हलका दरोगा ने थाने से बहार जाने को कहा। अगर मेरी हत्या हुई, तो इसकी जिम्मेदारी दरोगा व पुलिस की होगी। हालाकि अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थानाध्यक्ष मंडावर सुमित राठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जाचं कराकर कानूनी कार्रवाई की जायेगा।

# दशहरा पर खुलेंगे सरकारी कार्यालय और विद्यालय

**बिजनौर।** इस बार दशहरा और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एक दिन होने के कारण इस दिन सरकारी कार्यालय और विद्यालय खोले जाएंगे। कार्यालयों पर झंडा रोहण होगा। इसके बाद स्कूलों में नशा मुक्ति, स्वच्छता और मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी की ओर से जारी कार्यक्रम के बाद बीएसए सचिन कसाना ने गांधी जयंती पर होने वाले कार्यक्रम के संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। इस दौरान विद्यालयों एवं सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए स्वाधीनता आंदोलन के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी जाएगी। इसके बाद विद्यालयों में नशा मुक्ति, स्वच्छता, साक्षरता आदि पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# बारिश से मौसम में बड़ी तब्दीली, राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज तड़के से जनपद में रूक-रूक कर हो रही बारिश एवं आसमान में बादल छाए रहने से गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम में तब्दीली से सभी खुश दिखाई दे रहे है।

गौरतलब है कि बेइंतहा गर्मी से हर कोई परेशान था। चिलचिलाती धूप की वजह से खुले आसमान के नीचे निकलना दुश्वार हो रहा था। मई-जून जैसी गर्मी पड़ रही थी। इस बीच आज तड़के से मौसम में बदलाव हो गया। कहीं पर मूसलाधार बारिश पड़ी, तो कहीं पर हल्की बुंदाबादी हुई। इस दौरान दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। समाचार लिखे जाने के समय देर शाम तक जनपद में कई जगह बारिश हो रही थी। जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

# विवेक विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन

## कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्व विद्यालय में लर्निंग रूटस प्राईवेट द्वारा कैम्पस प्लेस मेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए., एम.सी.ए. एवं बी.कॉम के अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

गुरू ग्राम स्थित लर्निगं रूट कम्पनी के एच आर मुब्बशीर पुरी ने प्रीप्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिशकश्न एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात् चनप्रीत बी.बी.ए. संस्कार बी.बी. सुभ्रा गुप्ता बी.बी.ए. यासुभ एम.बी.ए. को मानकों के अनुसार योग्य पाकर सेल्स एसोसिएटस 5.70 लाख एवं 6.06 लाख सालाना के पैकेज चयनित







किया। विश्व विद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विवेक यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमैंट में प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विवेक विश्व विद्यालय विद्यार्थियों के चयन के लिए लगातार प्लेट फार्म उपलब्ध करा रहा है। कॉलेज के प्रो. चांसलर इं. दीपक मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन उनकी पढ़ाई के दौरान हासिल की गयी विभिन्न दक्षताओं पर निर्भर करता है। विश्व विद्यालय के वाइस चांसलर ने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिदिन पर्सनेल्टी डिवेलपमैंट एवं कम्नियूकेशन की कक्षाओं का होना विद्यार्थियों में विश्वास बढ़ाता है और इस समय की आवश्यकता भी है। विश्व विद्यालय के निदेशक अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में कॉरपोरेट जगत में कामयाबी प्राप्त करने के लिए कम्यूनिकेशन स्किल एवं इन्टर पर्शनल स्किल में महारथ हासिल करना अति आवश्यक है। विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार हितेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में लगातार आयोजित हो रही कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के कारण छात्रों में कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब करने की उत्सुकता बढ़ रही है। महाविद्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर ने छात्रों को अपनी कॉम्यूनिकेशन स्किल, कॉन्फिडेन्स लेवल एवं इन्टर पर्सनल स्किल पर खास ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट टीम छात्रों के साथ पूरी निष्ठा से जुड़ कर उन्हें जॉब के लिए तैयार करने में मदद करती है। प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में डीन इंजीनियरिंग डॉ. हर्ष कुमार, डीन मैंनेजमेंट डॉ. सर्वेश कुमार, शीतल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर नितिश वर्मा, प्लेसमेंट एग्जीक्यूटिव रिया भटनागर एवं सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# लोकार्पण व भंडारा कार्यक्रम पुलिस ने रोका

## आयोजकों ने अनुमति नहीं ली थी, सपा विधायक रामअवतार सैनी को करना था लोकार्पण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सपा विधायक कद्दावर नेता राम अवतार सिंह सैनी को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम डेरा बुलंदी में बीती रात पुलिस ने लोकार्पण व भंडारा कार्यक्रम को लेकर हो रही तैयारियों को रुकवा दिया था। पुलिस ने देर रात ग्राम में अपना डेरा जमा कर तैयारी रुकवा दी और पुलिस ने आयोजकों से कार्यक्रम की अनुमति की मांग की। इस को लेकर कार्यक्रम नहीं हो सका। पुलिस की इस कार्रवाई से सपा विधायक और ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी जताई है। इस बात को लेकर विधायक की पुलिस से नोंक झोंक हुई।

नूरपुर विधानसभा के ग्राम डेरा बुलंदी में समाजवादी पार्टी से विधायक राम अवतार सैनी को सीसी रोड व धर्मशाला के कक्ष का लोकार्पण करना था। यह गांव थाना स्योहारा क्षेत्र में आता है, लेकिन इस ग्राम की विधानसभा नूरपुर लगती है। रविवार को सुबह से ही ग्रामीण कार्यक्रम की तैयारियां में लगे हुए थे। उन्हें लोकार्पण के बाद भंडारा भी करना था। ग्राम के ही कार्यक्रम के आयोजक जगराम प्रजापति व ग्राम प्रधान जंग बहादुर ने बताया कि विधायक राम अवतार सैनी ने अपनी निधि से यहां पर धर्मशाला के कक्ष और रोड का निर्माण कराया है। सोमवार को लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था। रात में ग्रामीण तैयारी कर रहे थे। भंडारे के लिए बड़ी मात्रा में उड़द चावल भी तैयार कराए जा रहे थे, लेकिन रविवार रात लगभग दस बजे थाना स्योहारा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर टेंट, भंडारे का खाना आदि सभी हटवा दिया। जिसके चलते सोमवार को होने वाला विधायक का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वहीं थानाध्यक्ष स्योहारा सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने लोकार्पण व भंडारा नहीं रुकवाया है, यह आरोप गलत हैं। सोमवार को जनप्रतिनिधि को गांव में जनसभा करनी थी, केवल उसकी अनुमति के लिए कहा गया था। इसलिए कार्यक्रम रद्द किया है। गांव डेरा बुलंदी में हर साल की तरह नवरात्र में भंडारे का आयोजन होता है। मेरे द्वारा धर्मशाला में कक्ष व सीसी रोड का निर्माण विधायक निधि से कराया गया था। जिसका लोकार्पण करना था, लेकिन प्रशासन के द्वारा अनुमति के नाम पर कार्यक्रम को रुकवा दिया गया। लोकार्पण व भंडारे के आयोजन के लिए अनुमति मांगना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब धर्मोंक प्रोग्राम करना भी भाजपा सरकार में मुश्किल हो गया है। कुछ लोग राजनीति से प्रेरित होकर इस तरह का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इस मामले को जनता के बीच उठाएंगे। विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने पुलिस व भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि कुछ नेता सत्ता के नेश में चूर है। भाजपा सरकार के नेता बदले की भावनाओं से काम कर रहे। इस तरह के कार्यक्रम न होने देना ऐसा लगता है भाजपा के नेताओं की जमीन खिसक रही हो। सपा विधायक राम अवतार सिंह ने क्षेत्र में बगैर किसी भेदभाव के खूब विकास कार्य कराए हैं। इन विकास कार्यों की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। इसलिए भाजपा के नेताओं में खलबली मची हुई है। उनको सत्ता का डर दिखाकर कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में पीडिए को साथ लेकर मजबूती के साथ सपा की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक नजर

## पेड़ से लटका मिला बालक का शव



**स्योहारा।** सुनील (12 वर्ष) पुत्र कैलाश मूल निवासी ग्राम चतरा बिहार का रहने वाला था। वह करीब एक वर्ष पूर्व अपने माता-पिता के साथ रोजगार की तलाश में सुमालखेड़ी आया था। चार माह पूर्व उसकी मां अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण मायके चली गई थी। जबकि पिता सात दिन पूर्व काम से ग्राम दरियापुर चले गए थे। इस दौरान बालक गांव में अजय वीर पुत्र ध्यान के घर पर ही रह रहा था। गांववासियों ने बताया कि सोमवार को चक्की के पीछे जामुन के पेड़ से सुनील का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्ले स्कूल में दशहरा पर्व मनाया


**बिजनौर।** किड्स केयर प्ले स्कूल नई बस्ती में दशहरा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने दशहरे के उपलक्ष्य में राम, सीता, रावण, हनुमान, शबरी, दशरथ आदि बनकर महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों की मम्मियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती आदेश भटनागर तथा डॉ. सुबोध चन्द्र शर्मा ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जिनमें टॉप पांच बच्चे चुने गए विवान, समर्थ, सिया, परिशा, अवियांश। प्रधानाचार्या ममता गुप्ता ने दशहरा पर्व के बारे में सभी बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा



**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी में अबूजर (14 वर्ष) पुत्र आसिफ अपने ही मकान की छत के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्टेज की हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। ग्रामीणों ने विद्युत लाइन हटाए जाने की मांग की है।

## दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन



**नगीना।** दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई और कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा के पावन चरणों में मंगल, सौहार्द और प्रगति का आशीर्वाद मांगा। मां दुर्गा का आशीष हर घर को सुख-समृद्धि और जीवन को नई ऊर्जा प्रदान करे ऐसी कामना की गई। इस अवसर पर माता रानी से प्रार्थना की गई कि श्रद्धा एवं आस्था के इस पूजोत्सव की परंपरा हर वर्ष और आगे बढ़े। इस अवसर पर नगीना विधायक मनोज पारस द्वारा भी मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की गई व अपने लखनऊ स्थित आवास पर कन्या पूजन भी किया गया।

## चोरों ने दो नलकूपों को निशाना बनाया



**मंडावर।** थाना क्षेत्र में बार-बार लूट और चोरी होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा था। अभी तक दो अलग-अलग मंदिरों में महात्माओं के साथ मारपीट और लूट का मामला पुलिस खोल भी नहीं पाई कि चोरों ने फिर मंडावर पुलिस को चुनौती दे डाली। थाना क्षेत्र के ग्राम नंगला महेश्वरी निवासी किसान हरि प्रकाश पुत्र नरपाल और अभय पुत्र भवानी सिंह निवासी विचपड़ी मोहसिनपुर चमरा के खेतों में बने बिजली का नलकुपो को चोरों ने निशाना बनाते हुए मोटर का तार तथा अन्य सामान चुराकर ले गये। वहीं गांव तैय्यब पुर काजी उर्फ काजीवाला निवासी पंकज कुमार ने बादशाहपुर चौराहे पर टायर पंचर और वैल्डिंग की दूकान कर रखी है। बिती रात्रि चोरों ने यहां भी दुकान के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया व कामयाब नहीं हो सके। लेकिन उसके घर के बहार खड़ा हेडपंप चुरा कर ले गए व मंडावर के मौहल्ला शाहविलायत में मौहम्मद सलमान पुत्र दिलशाद के ट्रैक्टर से बैटरा चोरी कर ले गए। चोर आयेदिन ऐसी वारदातों को देखते हुए क्षेत्र के लोग पुलिस की अनदेखी मान रहे है।

# डीएम ने किया 101 कन्याओं का पूजन

## भोजन कराकर गिफ्ट दिए, पढ़ाई के लिए किया प्रेरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बिजनौर के विकास भवन प्रांगण में 101 कन्याओं का कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 और पोषण माह के तहत हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मो. पुर देवमल, उपायुक्त स्वत: रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी और आईसीडीएस विभाग के अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। उन्होंने कन्याओं को पाठ्य सामग्री उपहार में दी और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

आईसीडीएस विभाग द्वारा जनपद के समस्त विकास खंड मुख्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कन्या पूजन के ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# नजीबाबाद में धूमधाम से निकाली गई श्री महाकाली की भव्य शोभायात्रा

## सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री महाकाली सेवादल की ओर से 46वीं भव्य श्री महाकाली शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में माता का ढोला, माता वैष्णो देवी दरबार व श्रीराम डोला आकर्षण के केन्द्र रहे।

सोमवार को रेलवे स्टेशन परिसर से श्री महाकाली शोभायात्रा निकाली गई। श्री महाकाली सेवादल के अध्यक्ष आकाश कान्हा कर्णवाल, सचिव डॉ.राजीव अरोड़ा, संयोजक निखिल शर्मा, चौधरी मलखान सिंह, सुमित चौहान, संरक्षक राजीव चौहान, देवेन्द्र अग्रवाल, राजीव गुप्ता, तुषार अग्रवाल, डॉ. एसके जौहर आदि के नेतृत्व में आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ पीठ के श्री संतोष नंदनगुरू एवं आचार्या अजय ब्रिज व देवेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा स्टेशन परिसर से प्रारम्भ होकर कृष्णा टाकिज चौराहा, जगन्नाथ चौराहा, कल्लूगंज, चौक बाजार से होती हुई टीला मंदिर पर पहुंचकर समापन हुई।

बैंड पर भक्ति धुन और ढोल नगाड़ों के साथ महाकाली अखाड़ा, राधा कृष्ण नृत्य झांकी, भगत सिंह झांकी, माता का डोला, माता वैष्णों देवी दरबार, श्री रामडोला, श्रीराम दरबार आदि झाकियां निकाली गई।

शोभायात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, बी क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व सांसद व राज्य मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, हिंदू वाहिनी डॉ. एमपी सिंह, राजू राजपूत, रिंकू कुशवाहा, अमित कुमार, अभिषेक त्यागी, घनश्याम यादव, योगेश राजपूत, संजीव राजप. ूत, नमनगुप्ता, ऐश्वर्या ऐरन, मनोज अग्रवाल, आशु अग्रवाल, राजकुमार प्रजापति, विशाल गुप्ता, पवन दिवाकर, प्रखर वशिष्ठ, विशाल गुप्ता, दुष्यंत सिंह आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल मीना बाजार के अध्यक्ष बने सरफराज

## नईम सिद्दीकी को बनाया महामंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर नजीबाबाद के मीना बाजार में व्यापार संगठन की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मीना बाजार के अध्यक्ष सरफराज अहमद को बनाया गया। इसी के साथ-साऊ नईम अहमद सिद्दीकी को महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल और प्रदेश मंत्री मुकुल अग्रवाल के द्वारा मीना बाजार की कमेटी का अध्यक्ष सरफराज अहमद और महामंत्री नईम अहमद सिद्दीकी को बनाया गया है और इन्हें जिम्मेदारी देते हुए कहा गया है कि व्यापारियों के हित में कार्य करें और संगठन को मजबूत करें।

कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में व्यापार संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौहम्मद आबिद को कोषाध्यक्ष, मौहम्मद दानिश को उपाध्यक्ष, मौहम्मद आलम उपाध्यक्ष, खादिम अहमद उपाध्यक्ष, मौहम्मद हनीफ संरक्षक अफशान को उपाध्यक्ष बनाया गया। सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

## महिलाओं को जागरूक किया

**नूरपुर।** सरकार के आदेश पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव के द्वारा क्षेत्र के ग्राम मुजाहिदपुर थाना में महिलाओं को एकत्रित कर जागरूक किया गया। वर्षा यादव ने बताया है कि महिला हेल्प लाइन नंबर 181 वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 आपात कालीन नंबर 112 स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 एंबुलेंस नंबर 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1090 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अबिराग सिंह अपनी पत्नी अर्चना व अपनी ससुराल वालों के कहने में है और मेरा कहना नहीं मानता है और मेरा पुत्र व उसकी पत्नी अर्चना आये दिन मेरे से झगड़ा फसाद करते रहते है। इसलिये मैं और मेरा शेष परिवार उक्त अबिराग सिंह व अर्चना से पूर्ण रूप से अपने संबंध विच्छेद करते है और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। भविष्य में मैं और मेरा शेष परिवार उक्त अबिराग सिंह व अर्चना के किसी भी कृत्य या लेन-देन के जिम्मेदार नहीं है। **अजय कुमार चौहान पुत्र वेदप्रकाश निवासी मौहल्ला इन्दरा नगर, परिलोक अस्पताल के सामने, कस्बा व थाना धामपुर, जिला बिजनौर**



**न्यायालय अपर सिविल जज सी.डि. नगीना बिजनौर**

**मूल प्रकीर्ण वाद सं. 04/2024**

1. मंदीप सिंह आयु करीब 16 वर्ष
2. नवजोत सिंह आयु करीब 11 वर्ष

नाबालिगान पुत्रगण स्व. गुरदीप सिंह (पुत्र स्व. राम सिंह) वादमित्र व संरक्षक श्री सौरन सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह पुत्र स्व. राम सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बसेड़ा खुर्द परगना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर।

-प्रार्थीगण

**बनाम**

(1) मेहरबान सिंह आयु 60 वर्ष पुत्र स्व. श्री राम सिंह निवासी हाल 229 एफ रिसाली सैक्टर भिलाई नगर सिविक सैन्टर भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़-49006 (2) हरनाम सिंह आयु करीब 59 वर्ष पुत्र स्व. श्री राम सिंह ग्राम व पोस्ट बसेड़ा खुर्द परगना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर। (3) हरदयाल सिंह आयु करीब 53 वर्ष पुत्र स्व. श्री राम सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट बसेड़ा खुर्द परगना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर । (4) निरबैर सिंह आयु करीब 48 वर्ष पुत्र स्व. श्री राम सिंह निवासी ग्राम बसेड़ा खुर्द पो.आ. पाडली बसेड़ा परगना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर। (5) श्रीमति हरनाम कौर आयु करीब 55 साल पुत्री स्व. श्री राम सिंह निवासी मौ. कबीर नगर कस्बा नूरपुर तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। (6) श्रीमति रीटा कौर आयु करीब 48 साल पुत्री स्व. श्री राम सिंह निवासी न्यू मुरादाबाद सैक्टर-16 मुरादाबाद महानगर।

-प्रतिपक्षीगण

दरख्वास्त मुसम्मा मंदीप सिंह वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा मंदीप सिंह मुसबफा मेहरबान सिंह अपने मूजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा प्रार्थीगण ने दरखास्त हुसूल सार्टिफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 06 मास अक्टूबर सन् 2025 वास्ते समाअत दरखास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरखास्त आपत्ति के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत अपर सिविल जज सी.डि. नगीना में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुकम मुनासिक निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक : 06.10.2025

**प्रबंधक**
**ए.सी.जे.एम.**
**नगीना (बिजनौर)**


### एक नजर

## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात अनुदेशक आरती (35 वर्ष) पत्नी मोनू निवासी ग्राम गांवड़ी थाना मंडावली ने सोमवार को दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। महिला अपने पीछे दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई। आरती का पति मोनू खेती का काम करता है। इस मामले में सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट वायरल हुआ है, जिसमें आरती ने स्कूल की दो शिक्षिकाओं पर परेशान करने का आरोप लगाया है। खंड शिक्षा अधिकारी राज मोहन गुप्ता ने बताया कि आरती ने आत्महत्या की है। कार्यालय में सुसाइड नोट से संबंधित कोई पत्र नहीं दिया गया है। मामले की जानकारी की जा रही है।

## नवरात्रि की अष्टमी पर कन्या पूजन



**नजीबाबाद।** आज नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर कन्या पूजन किया गया । छोटी-छोटी कन्याओं के रूप में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का प्रति. निधित्व माना जाता है। कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को आदरपूर्वक आमंत्रित किया गया। उनके पैर धुलवाए गए। माथे पर रोली या कुमकुम का तिलक लगाया गया और चुनरी ओढ़ाई गई। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया और उन्हें दक्षिणा और उपहार दिए गए। कन्या पूजन करने से मां दुर्गा की असीम कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है।

## आजाद समाज पार्टी की बैठक



**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जालपुर में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्राम जालपुर के बड़ी संख्या में लोगों ने आजाद समाज पार्टी (आसपा) की सदस्यता ग्रहण की और आगामी चुनाव में पार्टी को वोट देने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामवासियों ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में नजीबाबाद विधानसभा विकास की दौड़ में काफी पिछड़ गई है। न सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए संशाधन उपलब्ध हैं। न ही अस्पतालों में गरीबों का उचित इलाज हो पाता है। न सरकारी अस्पतालों में आईसीयू, डायलिसिस और जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोगों ने कहा कि इस बार कोई चूक नहीं होगी और नजीबाबाद से आसपा का विधायक चुना जाएगा। वर्तमान विधायक पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने हमेशा जनता को भाजपा का डर दिखाकर वोट तो लिए, लेकिन विकास कार्यों की अनदेखी की, जिससे क्षेत्र पिछड़ता गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहनपुर चेयरमैन एवं आसपा मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी मौजूद रहे। साथ ही नवाजिश, दानिश शहजाद, मतलूब, मुस्तकीम, नाजिर, प्रभा, देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर में 108 कन्याओं का पूजन



**किरतपुर।** शारदीय नवरात्रों की पावन दुर्गाष्टमी के अवसर पर स्थानीय श्री विश्वकर्मा शिव मंदिर में 108 कन्याओं का विधिवत सामूहिक पूजन किया गया। कन्याओं को भोजन कराने के उपरांत उन्हें पाठ्य सामग्री, चुनरी, चिप्स के पैकेट, पर्स एवं दक्षिणा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में कुल 8 परिवारों ने हिस्सेदारी निभाई। कन्या पूजन करने वालों में विभाग प्रचारक क्रांति कुमार, विनीत शर्मा, निर्मला शर्मा, सुनीता शर्मा, सैफाली पाराशर, लक्ष्मी चौहान, शैली राणा, पूनम शर्मा, बीणा राणा, अवनी शर्मा, पवन चौहान, शोभा राठी, जयवीर राठी, विपिन विश्वकर्मा, यश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, अवनीश चौहान, आर्यन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सायं 4 बजे अष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में माता रानी का भजन-कीर्तन भी आयोजित किया गया।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम ZARINA KHATOON पत्नी ABDUL HAMEED से बदल कर JARINA W/O ABDUL HAMEED निवासी MOH SARAI SHEKH HABIB, PO. SIAU CHANDPUR BIJNOR- 246725 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।



## संबंध विच्छेद सूचना

सभी संबंधित व आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने दो पुत्रों शाहरुख व शमीम से उनके गलत संगति में रहने के कारण समस्त पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में यदि शाहरुख व शमीम किसी भी प्रकार के विवाद, लेनदेन अथवा अवैध गतिविधि में संलिप्त होता है तो उसके लिए वह दोनों स्वयं पूर्णत: जिम्मेदार होंगे। उक्त कार्यों के लिए मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **नफीस अहमद पुत्र हमीद अहमद निवासी मौहल्ला भुड्डी, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**



## सूचना

सुरेंद्र सिंह पु. रामचन्द्र सिंह, निवासी ग्राम अल्हैपुर, शुगर मिल कालोनी, धामपुर, जि. बिजनौर सूचित करते हैं कि उन्होंने दिनांक 4-6-2025 को श्री खूब सिंह, धर्मपाल सिंह, मदनपाल सिंह व गजेन्द्र सिंह (पु. स्व. मुखराम सिंह), निवासी ग्रा. शाहपुर खेडी, तहसील धामपुर, जि. बिजनौर का प्लाट 200 वर्ग का खरीदा था। पूर्व बैनामा दस्तावेज संख्या 4854 दिनांक 31-12-1994 (बही नं.-, जिल्द सं. 1497 पृष्ठ 388, खसरा नं. - 205 /इसे पूर्व के बैनामा दर बैनामा की चैन भी वास्तव में कहीं गुम हो गया है संबंध में कोई दावा होने पर संबंधित व्यक्ति 7 दिनों के भीतर संपर्क करें।

संपर्क: Rajan Singhal advocate, मोबाइल: 9412807300



## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैं ऋषिपाल सिंह व मेरी पत्नी तारावती अपने पुत्र विनित कुमार व पुत्रवधू विमलेश उर्फ पूजा को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करते हैं। उनके किसी भी कृत्य के हम जिम्मेदार नहीं होंगे। हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का इन दोनों से कोई संबंध नहीं है। वह अपनी कृत्यों व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **ऋषिपाल सिंह पुत्र सीताराम सिंह व तारावती पत्नी ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम धींगरपुर कस्बा व थाना नहटौर तहसील धामपुर जिला बिजनौर**

# धामपुर शुगर मिल में पेराई सीजन का शुभारंभ

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बॉयलर पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एशिया की अग्रणी धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड में पेराई सीजन का विधिवत शुभारंभ हुआ। मिल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बॉयलर पूजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने पूजन कार्यक्रम में शिरकत की और बॉयलर में अग्नि प्रवेश कराकर पेराई सत्र की औपचारिक शुरुआत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सुनील शास्त्री और पंडित ओमप्रकाश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से गणेश पूजन, नवग्रह पूजन तथा देवी-देवताओं की स्तुति के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में इंजीनियरिंग हेड अभय शर्मा और पावर प्लांट हेड वेंकटेश चालकी ने भाग लिया। हवन और पूजन के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

पूजन के बाद श्रमिकों और कर्मचारियों ने श्री विश्वकर्मा की जय के उद्घोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान मिल परिसर में गंगा-जमुनी संस्कृति और उत्साह का विशेष माहौल दिखाई दिया। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि आज से धामपुर शुगर मिल का पेराई सीजन शुरू हो गया है और उपकरणों का ट्रायल चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों और श्रमिकों से अपील की कि वे सेफ्टी मानकों का पूरी तरह पालन करें। बिना सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और दस्ताने के कोई कार्य न करें। वेल्डिंग के समय चश्मा और ग्लव्स पहनना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी दी कि बुधवार से शेरकोट जोन में तौल कांटों की स्थापना प्रारंभ हो जाएगी। अभी 178 तौल कांटे लगाए जा रहे हैं, शेष कांटों की स्थापना सुरक्षा आदेश मिलने के बाद की जाएगी। बॉयलर पूजन समारोह में बॉयलर पूजन समिति के सदस्य ब्रह्मा सिंह, उत्तम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, हरिशंकर, सुरेश चंद, सुरेश सिंह, नरेश, आदित्य शर्मा, विकास, आशु चौहान, तेजपाल और रजनीश चौहान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं अधिकारियों में ओमवीर सिंह, उपेंद्र तोमर, अनुज मलिक, विकास अग्रवाल, करुण अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, योगेंद्र सिंह, सुनील राणा, धीरज सक्सेना, अजय पांडेय, विनोद सिंह राणा, विजय कुमार गुप्ता, हारुन खान और हिमांशु शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# टीईटी अनिवार्यता व निजीकरण के विरोध में रैली 25 नवम्बर को

## एक्स पर आज चलाया जाएगा अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी अटेवा चंद्रहास सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन निरंतर सभी के सहयोग एवं समर्थन से संघर्षरत है संघर्ष के क्रम में आगामी 1 अक्टूबर को एक्स पर टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में ट्विटर अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि सोशल मीडिया की ताकत को पहचाने और इस अभियान में अपनी सहभागिता देकर इस मिशन को सफल बनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अध्यक्षता में एनएमओपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण का व्यापक विरोध किया जाएगा और टीईटी परीक्षा अनिवार्यता को समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि ये संघर्ष अभियान निश्चित मिल का पत्थर साबित होगा, अगर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर इसमें अपना सहयोग करें तो। एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण केवल पूंजीपतियों को लाभ देने वाली स्कीम है, जिसमें न तो देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है और न ही दे की अर्थव्यवस्था सुरक्षित है।

## एक नजर

### कल्हेड़ी में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित



**जलालाबाद।** जिला सहकारी बैंक जलालाबाद के प्रबंधक मौहम्मद आदिल ने कहा कि किसान सेवा सहकारी समिति का किसान और आम आदमी यानी दोनों सदस्य बन सकते हैं। समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू की बैठक पर हुए सदस्यता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल ने कहा कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत, किसान और ग्रामीण लोग मात्र 226 रुपये जमा करके एम-पैक्स के सदस्य बन सकते हैं और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। डॉ. सकलैन हैदर जैदी की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, अकील अहमद, बिल्लू अंसारी, आकिब हुसैन, अबरार अंसारी, शाकिर एडवोकेट, हुजैफा अंसारी, जब्बार अहमद सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

### मां कालंद्री देवी की शोभायात्रा निकाली



**मंडावर।** दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर सनातन धर्मशाला मंदिर से मां कालंद्री देवी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मौहल्ला बाजार मंगल, फरासटोली, पीतम गेट, बस स्टैंड, बाल्मीकि बस्ती, अंबेडकर चौक, बाजार कला, झंडा पार्क और जुगाड अड्डा होते हुए प्राचीन कालंद्री मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सचिन अग्रवाल, सुनील पाल मनोहरिया, विपुल गुप्ता, रजनीश शर्मा, वासुदेव शर्मा, बॉबी सक्सेना, दिनेश पुष्पक, राजू खटीक, राहुल अग्रवाल, आशीष वर्मा, अक्षय खटीक, चर्चित राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा के दौरान भक्ति भाव से भरे भजनों और जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। मां कालंद्री देवी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां की आरती की और नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ और भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सुमित राठी, कस्बा इंचार्ज रामातार सिंह और सिपाही अश्वनी कुमार मुस्तैदी से तैनात रहे।

### बिंदल शुगर मिल में कांटों का पूजन



**चांदपुर।** बिंदल षुगर मिल चांगीपुर द्वारा नवीन गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की तैयारी पूर्ण करते हुए आज कांटों की पूजा पाठ कार्यक्रम हुआ। जिसमें वाहय क्रय केन्द्रों पर गन्ना खरीद करने हेतु कांटों को स्थापित कराने का कार्य प्रारम्भ कराया गया। यह जानकारी देते हुए मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने बताया कि आज मिल परिसर में कांटों की पूजा पाठ का कार्य चीनी मिल के उपाध्यक्ष (गन्ना) जितेन्द्र मलिक द्वारा सम्पन्न किया गया। इस पुनीतावसर पर चीनी मिल के अध्यक्ष शशिा गुप्ता, पवन गुप्ता, सतेन्द्र गिरी, इन्द्रवीर सिंह, जोगेन्द्र मलिक, सरूर आलम जैदी, विपिन कुमार, अर्जुन वालियान, शशी शर्मा एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी




**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह तथा पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत थाना कोतवाली शहर, बिजनौर स्थित आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, नारी स्वावलंबन व सशक्तिकरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर/सहायक पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम नगर भी मौजूद थे।

### रिकार्ड तोड़ गर्मी से मिली राहत

**चांदपुर।** पिछले कई दिनों से पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी में उस समय बड़ी राहत मिली जब दोपहर को अचानक मौसम खुशगवार हो गया और हल्की फुल्की बारिश होने लगी जो काफी देर तक मौसम को सुहावना बनाये रही। अचानक बदले मौसम से आमजन को बड़ी राहत मिली। महिलाओं, बच्चों ने भी इस मौसम का आनंद लिया। किसानों के अनुसार इस मौसम से उनकी सूख रही गन्ने की फसल को तो लाभ मिलेगा। साथ ही गन्ना अगौला भी रोग मुक्त होगा। लेकिन कुछ किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में धान की तैयार फसल भी खड़ी है। भारी बारिश होने से उसे नुकसान होने की भी डर है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से जून-जुलाई माह में पड़ने वाली गर्मी को पीछे छोड़ सितम्बर माह की 25 तारीख से आज 30 तारीख को पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी में इंसान ही नहीं बल्कि पशु पक्षी भी बुरी तरह झुलस रहे थे। आज माह के अंतिम दिन हल्की बारिश ने सभी को राहत देने का काम किया।

### वन स्टॉप सेंटर टीम ने किया जागरूक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 (नारी, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान का आयोजन वन स्टॉप सेंटर टीम व हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में अल्पावास के लिए आई हुई संवासिनियों को विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि हिंसा से पीड़ित महिला किस प्रकार सहायता प्राप्त कर सकती है और इन नंबरों पर किस प्रकार अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है।

# पोषण माह में बालिकाओं को मिला उपहार, जागरूकता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को बाल विकास परियोजना विभाग धामपुर द्वारा विकास खंड कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने की।

इस अवसर पर प्रमुख ने बालि. काओं को उपहार व मौसमी फलों का वितरण कर कुपोषण मुक्त समाज का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान केवल विभाग का नहीं, बल्कि हर घर और परिवार का दायित्व है। बालिकाओं को अच्छे पोषण के साथ शिक्षा और सुरक्षित माहौल देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभावगी हारा ने कहा कि विभाग द्वारा पूरे माह जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कुपोषण से मुक्ति के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में एडी पंचायत नूतन रानी, मानसी व साधना गौतम ने भी भागीदारी की और महिलाओं-बालिकाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों में दीपिका, गुलाबरी, कविता रानी, शुभ, बबीता, रेखा, विमलेश सहित अन्य मौजूद रहीं। बालिकाओं ने भी उपहार और फलों को पाकर प्रसन्नता जताई।

# दिशा में क्षय रोग पर जागरूकता गोष्ठी

## समाज में प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के परिसर में क्षय रोग विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सीएचसी धामपुर और दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन का कार्य रजिस्ट्रार राजीव कुमार, कॉलेज प्राचार्य डॉ. वी.के. भारती, मुख्य अतिथि व वक्ता वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक विकास डाबर, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक साहू, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रेनु दिवाकर तथा एकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने संयुक्त रूप से किया।

वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक विकास डाबर ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि क्षय रोग एक गंभीर लेकिन उपचार योग्य बीमारी है। यदि समय पर जांच और इलाज शुरू कर दिया जाए तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और निक्षय मित्र जैसी योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक साहू और वरिष्ठ लैब तकनीशियन रेनु दिवाकर ने भी छात्रों को क्षय रोग के लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से बताया। महासचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने छात्रों से अपील की कि वे समाज में प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाकर इस मुहिम का हिस्सा बनें।

प्राचार्य डॉ. वी.के. भारती ने कहा कि क्षय रोग से बचाव के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकारी चिकित्सालयों में इसकी जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है, साथ ही रोगियों को मासिक अनुदान भी दिया जाता है। रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि शुरुआती लक्षण पहचान कर और समय रहते जांच कराकर इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में आगे भी सक्रिय सहयोग करता रहेगा।

गोष्ठी के दौरान छात्रों और विशेषज्ञों के बीच खुला संवाद हुआ। अतिथियों ने कॉलेज प्रशासन और प्रबंधन की सराहना की। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता शिवम कुमार ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनू कुमार, ललित कुमार, रजत चौहान, प्राकुल, संजना राजपूत, कु. अंजली, सचिन और रजनीश सहित अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

# निष्पक्षता व जिम्मेदारी के साथ तैयार करें निर्वाचक नामावली



## डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार करने के महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में उपरोक्त संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा एक नवम्बर, 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामाव. लियों के पुनरीक्षण का De-Novo कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (3) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाना 30 सितंबर, 2025 (मंगलवार), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन 15 अक्टूबर, 2025 (बुधवार), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन 25 अक्टूबर, 2025 (शनिवार), फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी स्थिति हो 06 नवंबर, 2025 (गुरुवार), वह तिथि जिस तक पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना है। 20 नवंबर, 2025 (गुरुवार), निर्वाचक नामाव. लियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवंबर, 2025 (मंगलवार), दावे आर आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) 25 नवंबर, 2025 (मंगलवार) से 10 दिसंबर, 2025 (बुधवार), वह तिथि जिस तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेगी। 25 दिसंबर, 2025 (गुरुवार) तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30.12.2025 (मंगलवार) को होगा।

उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित रूप से पूरा करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए ताकि सभी कार्य पूर्ण मानक एवं आयोग के निर्देशों के अनुपालन में संपन्न हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के तहत पंजीकरण के लिए प्रयुक्त फॉर्म/आवेदन तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पंजीकरण के लिए आहर्ताएं सहित सभी कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप ही करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी धामपुर, उप जिला अधिकारी सदर रितु चौधरी सहित सभी उप जिला अधिकारी एवं तहस. ीलदार तथा संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# एमएससी द्वितीय सेमेस्टर ( गृह विज्ञान ) का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एम.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान)(फूड एंड न्यूट्रिशन) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा ने बताया की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एम.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान)(फूड एंड न्यूट्रिशन) की छात्रा आंचल त्यागी एवं उपासना ने 74.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम, प्राची ने 73.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व मिस्बा खानम ने 73.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले। जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सके।

कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति प्रीति चौहान, श्रीमति ज्योति चौहान, शिवानी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नाबालिग चला रहे बिना रजिस्ट्रेशन की ई-रिक्शाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में लगातार बढ़ रही ई रिक्शाओं की भीड़ नगर में जाम का कारण बनती जा रही है। नगर के किसी गली मौहल्ले में पैदल चलना बड़ा ही दुश्वार हो गया है। सड़क पर पैदल आती जाती महिलाओं, स्कूल कॉलेज आती जाती छात्राओं व बच्चों को इनके गलत संचालन से चोटिल होना पड़ रहा है।

बिना रजिस्ट्रेशन की ई रिक्शाओं को ज्यादातर अनाड़ी और नाबालिग बच्चे चला रहे है। किसी भी रोड पर ई रिक्शा न मिले ऐसा नहीं हो सकता है। इन ई रिक्शाओं का संचालन जहां नगर में हर बाजार में जाम का कारण बनता है। वहीं इन ई रिक्शाओं को अनाड़ी व नाबालिगों द्वारा चलाने से आये दिन सड़क पर पैदल चलने वालों को चोटिल होना पड़ रहा है। नगर में ई रिक्शाओं का मकड़जाल सबसे ज्यादा सिलारा रोड व बाजार ढाली पर बना रहता है। इनके बारे में कई बार शिकायतें की जा चुकी है। मगर किसी जनप्रतिनिधि व तहसील प्रशासन के पास इतना नहीं कि बे-तरतीब ई रिक्शाओं के संचालन पर ध्यान दे सके। इतना ही नही नगर के नेहरू चौक पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी तक नहीं लग पा रही हे।

# छात्रों ने किया डाबर इंडिया का औद्योगिक भ्रमण

## उत्पादन व पैकेजिंग की ली जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनोर।** कृष्णा कालेज के वाणिज्य एवं प्रबन्ध विभाग के छात्र/छात्राओं ने डाबर इंडिया लि. पंतनगर रुद्रपुर उत्तराखण्ड का औद्योगिक भम्रण किया।

कृष्णा कालेज ऑफ साइन्स एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के 40 छात्र-छात्राओं ने विभाग के विभागाध्यक्ष मनदीप सिंह, टी.पी.ओ. विपिन शर्मा, संयोजक रोहित राजपूत के नेतृत्व में डाबर इंडिया लि. पंतनगर रूद्रपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थी सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक ज्ञान को भी प्राप्त करते है।

सर्वप्रथम विद्यार्थी वरिष्ठ सहायक प्रबन्धक आदित्य शुक्ला से मिले। उन्होंने डाबर इंडिया लि. के इतिहास के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि डाबर इंडिया लि. की स्थापना 1984 में डॉ. एस के बर्मन ने की। जिसमें आर्युवेद, कॉस्मेटिक, फूड, बेवरेज का उत्पादन प्रारम्भ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने अनुरोध शर्मा (मानव संसाधन प्रबंधक) एवं प्लाट हेड के निर्देशन में मुख्य संयन्त्रो, सेंट्रल लैब, इंस्ट्रूमेंट, रियल जूस प्लांट, आर.टी.पी में कि उत्पादन व पैकेजिंग के बारे में बताया।

विद्यार्थियों ने कई प्रश्न किए कि कितने घंटे की शिफ्ट होती है। क्या-क्या सुविधायें मिलती है। सभी प्रश्नों का सन्तोषजनक उत्तर मिला। छात्र-छात्राओं ने डाबर इंडिया लि. पंतनगर रुद्रपुर उत्तराखण्ड के समस्त अधिकारियों द्वारा दिये गये ज्ञान एवं दिशा-निर्देशन की बहुत-बहुत प्रशंसा की। छात्र-छात्राएं इस भ्रमण से अत्यधिक प्रभावित व लाभान्वित हुए।

कॉलेज के प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व डा. एससी जैन ने आदित्य शुक्ला (वरिष्ठ सहायक प्रबन्धक) व अनुरोध शर्मा (मानव संसाधन, प्रबन्धक) का विद्यार्थियों के भ्रमण को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

औद्यागिक भ्रमण के सफल संचालन में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के मेहरचन्द, सूरज शर्मा, नीरज अपरवाल, श्रीमति नूतन चौधरी, सौरभ चौधरी, श्रीमति प्रियंका राजन अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निकाली गई दुर्गाष्टमी पर भव्य शोभायात्रा, रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग रहे मार्ग

# मां भगवती की 50वीं शोभायात्रा निकालकर मनाई स्वर्ण जयंती

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** भव्य और सुसज्जित झांकियों के साथ दुर्गाष्टमी पर मां भगवती की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने मनमोह लिया। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी चौकस रही।

श्री नव दुर्गा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित मां भगवती की 50 वी भव्य शोभायात्रा मंगलवार शाम को संभल के आर्य समाज रोड स्थित अपने निर्धारित स्थान से शाम 7.30 बजे शुरू हुई। एसडीएम विकास चंद्र और सीओ आलोक भाटी के साथ ही समिति अध्यक्ष राजेश सिंघल, महामंत्री विवेक गोयल, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा व नीरज रस्तोगी और कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार के साथ ही संरक्षक अनुज गर्ग, आशुतोष रस्तोगी और प्रवीण रस्तोगी ने विधिवत ढंग से मां मा दुर्गा के भव्य सिंहासन पर मां दुर्गा की प्रतिमां का पूजन किया। मंत्रोच्चारण और विधि विधान से पूजन के उपरांत समिति के संरक्षक उमेश गर्ग, विवेकशील अग्रवाल,नरेंद्र अग्रवाल,चंद्रपरकाश भारद्वाज और विपिन अग्रवाल, अमित वार्ष्णेय, रोहित गुप्ता द्वारा मां दुर्गा के मुख्य सिंहासन पर ज्योत प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात मुख्य सिंहासन पर मां दुर्गा की आरती की गई। जिसके बाद शोभायात्रा प्रबंधक अतुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, मयंक गुप्ता, प्रभात रस्तौगी, आशुतोष कथुरिया, गोपाल शर्मा द्वारा शोभायात्रा को विधिवत ढंग से शुरू कराया गया। जबकि शोभायात्रा के दौरान अनुज रस्तौगी,नवनीत कुमार,अभिनीत माथुर,अमित अग्रवाल,गौरव कुमार, प्रतीक गुप्ता,मोहित रस्तोगी और आशुतोष गुप्ता और अभिनव माथुर के द्वारा अखाड़े की व्यवस्थाएं संभाली गई। इसी के साथ मनोज मित्तल,अंकित अग्रवाल,पलाश शर्मा,विजय चंद्रा,मोहित आर्य,शैलेंद्र अग्रवाल आदि सदस्यों ने शोभायात्रा के कलाकारों के जलपान की व्यवस्था संभाली। जहां शोभा यात्र मार्ग पर आर्य समाज रोड से,सर्राफा बाजार,और डाकखाना रोड पर श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा स्वागत द्वार बनवाने के साथ ही लाइटिंग कराकर रौशनी से जगमग कराया गया। इस दौरान मां भगवती की स्वर्ण जयंती महोत्सव की 50वीं शोभायात्रा पर आधा दर्जन स्थानों पर लोगों ने अपने अपने घरों से पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में स्थानीय कलाकार और समिति के सदस्यों के द्वारा तैयार की गई भगवान हरिहर के मिलन की झांकी, अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पड़े हुए लव कुश की झांकी, खाटू श्याम जी का दरबार, भारतीय सेना के अदम्य साहस की आपरेशन सिंदूर की झांकी का चित्रण, माता के नौ रूपों के दर्शन, श्री बालाजी दरबार की झांकी शोभा यात्रा में बड़ी आकर्षण का केंद्र रही है। इसी के साथ एटा से आई हुई कृष्ण जी की बाल लीला, कृष्ण जी द्वारा लडडू का भोग लगाते हुए, बाबा महाकाल की झांकी, भगवान श्री राम दरबार की झांकी, सोने की लंका और भगवान जगन्नाथ जी की झांकी के साथ ही नदी पर भगवान शंकर जी की स्वचालित झांकीया भी शोभायात्र में आकर्षण का बड़ा केंद्र बनी रही।वही शोभायात्रा में मेरठ और मथुरा से आए हुए कलाकारों के द्वारा राधा कृष्ण का महारास, राधा कृष्ण का जलरास, नर्सिंग अवतार, राम रावण जटायु संवाद, कासगंज के कलाकारों के द्वारा श्री राम और सवरी के मिलन का चित्रण, मुरादाबाद के कलाकारों के द्वारा छिंद मस्तीका का अखाड़ा, गाजियाबाद के कलाकारों के द्वारा मां नौ देवीयो के अखाड़े शोभायात्रा में शामिल रहे। वही गाजियाबाद के कलाकारों के द्वारा भगवान तिरुपति बालाजी के दरबार की सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसको देखकर शोभायात्र मार्ग पर खड़े हुए श्रृद्वालु मंत्रमुग्ध नजर आए। जबकि मां भगवती के भव्य सिंहासन पर सत्य प्रकाश शर्मा,उमेश गर्ग,नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर के द्वारा शोभायात्रा में प्रसाद वितरित किया गया। वही इस दौरान शोभायात्र में समिति के सदस्य अर्पित सक्सेना, प्रतीक गुप्ता, हितेश मिश्रा, अंकित अग्रवाल आदि सदस्यगण शामिल रहे।



सम्भल- नवदुर्गा महोत्सव शोभायात्रा के शुभारम्भ से पूर्व मां भगवती का पूजन करते समिति के लोग।

## दिनभर बादल छाए रहने से मौसम में रही नरमी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सितम्बर माह में जून जैसी गर्मी झेल रहे जनमानस को बड़ी राहत मिली। सुबह से ही बादल छाये रहने से मौसम काफी नरम बना रहा। जबकि बूंदा-बांदी ने ठंडक का अहसास कराया।

### मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# अष्टमी और नवमी पर व्रतों का हुआ परायण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी/नवमी पर चामुण्डा देवी मंदिर पर पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अष्टमी पूजन पर महिलाओं ने कन्या बरूओं को जिमाया और घर तथा देश की खुशहाली के लिए देवी मां से मनोतियां मांगी।

शनिवार को दुर्गाष्टमी पर मौहल्ला हल्लू सराय स्थित चामुण्डा देवी मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ इतनी थी कि श्रद्धालुओं को देवी मां के दर्शन व पूजा अर्चना को घंटों लाईन में खड़े रहकर प्रतीक्षा करनी पड़ी। जबकि अधिकतर महिलाओं ने आज ही उद्यापन कर व्रतों का परायाण किया और कन्या बरूओं को जिमाया। साथ ही मंदिर में देवी मां से घर एवं देश की सुख समृद्धि के लिए मनोतियां मांगी।

**○घरों पर किए गए अनुष्ठान**

उधर मंदिर के बाहर सजी दुकानों पर भी खरीददारी को खासी भीड़ देखने को मिली। जबकि छोटे बच्चों ने जमकर खेल खिलौनों की खरीददारी कर अभिभावकों की जेब ढीली की। मंदिर के पुजारी ने बताया कि रविवार को अष्टमी और नवमी एक साथ पड़ने पर राम नवमी एक साथ मनाया जायेगा। जबकि मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा प्रात: 9 बजे से आरम्भ होकर देर सायं तक चलेगा। उन्होने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर भण्डारे प्रसाद ग्रहण करने का आहवान किया। उधर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में दुर्गाष्टमी/नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। घुंघावली मार्ग स्थित चामुण्डा मंदिर में माता के थान पर भक्तगणों ने लगाकर पूजा अर्चना कर मनोतियां मांगी। अष्टमी के दिन का एक विशेष महत्व है। प्राचीन मान्यता के अनुसार दुर्गाष्टमी पर अठ्ठावरी का भोग लगाने से मन वांच्छित मंगल कामना पूर्ण होती है।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की लेट लतीफी पर सभासदों व लिपिक में नोकझोंक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जन्म और मृत्यू प्रमाण पत्र बनाने में हो रही लेटलतीफी पर लिपिक और सभासदों में नोकझोंक हो गयी। लिपिक ने सभासदों पर मारपीट व जाति सूचक शब्दों के प्रयोग करने का आरोप लगाया। जबकि सभासदों ने इंकार किया।

मंगलवार को सभासद गौहर खां और अनीस अहमद नगर पालिका परिषद में जन्म मृत्यू प्रमाण पत्र बनवाने को पहुंचे। आरोप है कि प्रमाण पत्र बनाने में लेट लतीफी को लेकर कर्मचारी अरूण कुमार और सभासदों में नोक झोंक हो गयी। दोनों क बीच बात का बतंगड़ बनने लगा। कर्मचारी के साथ नोकझोंक पर अन्य कर्मचारी भी लाम्बंद हो गए। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। जबकि जानकारी मिलने पर चैयरमेन पति चौधरी मुशीर खां वहां आ गए। ई ओ और चैयरमेन ने सभासदों व कर्मचारियों से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया। लेकिन दोनों के बीच बात बन नहीं सकी। कर्मचारी अरूण कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर देकर सभासदों पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। जबकि सभासदों ने इससे इंकार किया है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी थी।

## इन्वेस्ट यूपी के तहत महिला उद्यमी को ग्रामीण क्षेत्र में पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत महिला उद्यमी इकाई की श्रेणी में पशु आहार की उत्पादन इकाई 'ममता कैटल फीड' का ग्राम गालिबपुर ब्लॉक असमोली जिला सम्भल में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। संस्थान की ओर से पंचम सिंह, कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, खगेंद्र सिंह,हर्ष आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की उद्यमी इकाइयों के द्वारा मुख्यमत्री की सोच के अनुसार न केवल ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे अपितु जिले की अर्थ व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने के साथ महिला सशक्ति करण में भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता के साथ किसानों की आय बढ़ाने के विचार पर भी काम किया जाएगा।

# हनुमान जी ने सोने की लंका में लगाई आग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीरामलीला कमेटी द्वारा कराए जा रहे रामलीला मंचन में राम-रावण युद्व में लक्ष्मण पर मेघनाद पर शक्ति प्रहार किया।

नगर पालिका परिषद के प्रागंण में हो रहे रामलीला मंचन में पवन पुत्र हनुमान द्वारा लंका जलाने की घटना को नाटकीय रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

**○लंका दहन होते ही जय श्रीराम के नारे गुंजायमान**

तदुपरांत कलाकारों द्वारा मंचन प्रारंभ किया जाता है जिसमें दर्शाया गया है कि हनुमान जी माता सीता की खोज में लंका पहुँचते हैं। जहां वह अशोक वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। जब सैनिकों द्वारा यह सूचना रावण तक पहुंचती है तो वह अत्यधिक क्रोधित हो जाता है। तब रावण अपने पुत्र को सैनिकों के साथ हनुमान को बंदी बनाने के लिए भेजता है। तब रावण के सैनिक और उसके पुत्र अक्षय कुमार हनुमान के साथ युद्व के दौरान उसका पुत्र मारा जाता है तत्पश्चात मेघनाद हनुमान से युद्व करके उन्हें बंदी बना लेता है और उन्हें रावण के दरबार में ले गया। रावण के दरबार में विभीषण, हनुमान को मारने का विरोध किया, क्योंकि दूत को मारना उचित नहीं होता है। तत्पश्चात रावण, हनुमान को दंड देने के लिए उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। जैसे ही हनुमान की पूंछ में आग लगाई जाती है, वे अपने शारीरिक आकार को बड़ा कर लेते हैं और बंधन तोड़कर पूरी लंका में घूम-घूमकर आग लगा दी। लंका दहन होते ही पालिका परिसर दर्शकों के जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज गया। इस दौरान आचार्य प्रमोद कृष्ण के सुस्वागतम कल्कि शरणागतम् कल्कि नामक भजन सुनाकर समस्त श्रृद्वालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर अजय सिंघल, सचिन सिंह, लुवकुश चाहल, अरविन्द सिंह एड,महेन्द्र सिंघल आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकार आयोग में होगी हाउस अरेस्ट की सुनवाई

**○पूर्व आईपीएस ने आयोग में दर्ज कराया केस**
**○बरेली जाने वाले प्रतिनिधि मंडल को हाउस अरेस्ट करने के आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आज़ाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट करने की गूंज मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गयी है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिकायत दर्ज करायी है। जिस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

बरेली में हुई हिंसा के तथ्यों की जांच को आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताथ ठाकुर ने सेना के पदाधिकारी देवेन्द्र सिंह बुलंदशहर व सम्भल निवासी खिजर गौस और जरीफ मिर्जा का प्रतिनिधि मंडल भेजने के निर्देश दिए थे। बरेली जाने से पूर्व पदाधिकारियों के घरों पर पुलिस का पहरा बैठाने और उन्हे हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाया गया था। पूर्व आईपीएस अमिताथ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उनकी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था। इसके बारे में पार्टी की ओर से स्वयं मेरे द्वारा सभी सक्षम पदाधिकारी को लिखित में पत्र भेजा भी गया था। इसके बाद भी पुलिस ने बुलंदशहर में देवेंद्र सिंह को और संभल में खिजर गौस और जरीफ मिर्जा को अवैध रूप से नजर बंद किया, जो मानवाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी इस मामले में होने वाली प्रत्येक जांच को पूरी शिद्दत के साथ लगी है और गलत करने वाले पुलिस अफसरों को दंडित कराए जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी का पूजन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**समील।** आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91वीं कडी के नौवे दिन आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली सुनिता श्रीमाली समिति जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली नीरज श्रीमाली लोकेश श्रीमाली राखी दिनेश मोहन श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली आरती श्रीमाली कृष्णा मोहन श्रीमाली रिया श्रीमाली शिवम श्रीमाली कुमार यशवर्धन श्रीमाली मात्रशक्ति कु. पूजा श्रीमाली ज्ञानमूर्ति कुमार रितिक मोहन श्रीमाली योगी देवांश मोहन श्रीमाली तनिष्क मोहन श्रीमाली अश्वनी श्रीमाली रुद्रांश मोहन श्रीमाली व सूर्याश श्रीमाली हर्षवर्धन व ध्रुव श्रीमाली द्वारा माँदुर्गा के आठवें स्वरुप माता महागौरी को आठ वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी,ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्व घी शहद व पंचमेवा मिश्री से एक लाख आठ हजार आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की।

# जातीय महिमामंडित अंकित वाहनों का होगा चालान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समाज में व्याप्त विभेदकारी प्रवृत्तियों के उन्मूलन के दृष्टिगत पुलिस अभिलेख एवं सार्वजनिक संकेतों में जाति आधरित अंकन एवं प्रदर्शन रोकने तथा जातीय प्रदर्शनों द्वारा जातीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले तत्वों के विरुद्व शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय एक याचिका पर दिए गए आदेश पर अब जनपद में भी थानों के नोटिस बोर्ड अथवा प्रथम सूचना रिपोर्ट आदि में जातीय उल्लेख नहीं किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रोक लगाकर पूर्णत: पालन करने के निर्देश दिए हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन 482 संख्या-31545/2024 प्रवीण छेत्री बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में 16 सितम्बर 2025 को आदेश जारी कर जातीय उल्लेख पर प्रतिबंध लगा दिया था। उच्च न्यायालय ने इसे विभेदकारी और प्रवृतियों का उन्मूलन मानकर रोकने के आदेश दिए थे। उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में शासन की ओर से सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रयोग किये जा रहे प्रारुपों में अभियुक्तों की जाति अंकित करने संबंधी फील्ड ( फील्ड) को डिलीट करने तथा अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी अंकित किये जाने हेतु सीसीटीएनएस पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था करने हेतु एनसीआरबी से पत्राचार करने के निर्देश दिए। जबकि एनसीआरबी द्वारा सीसीटीएनएस में उपरोक्त व्यवस्था किये जाने तक डेटा प्रविष्टि करने वाले सभी कार्मिकों द्वारा सीसीटीएनएस में जाति संबंधी सूचना अंकित करने के गैर अनिवार्य नॉन मंडेटरी फील्ड को बिना भरे खाली छोड़े जायेंगे। इसके अलावा थानों में नोटिस बोर्ड्स पर अभियुक्तों के नाम के साथ उनकी जाति का उल्लेख न किया जाएगा। साथ ही बरामदगी, पंचनामा, गिरफ्तारी मेमो तथा व्यक्तिगत तलाशी मेमो आदि में भी अभियुक्त की जाति का उल्लेख नहीं करने पर भी रोक रहेगी। वाहनों, सार्वजनिक स्थानो पर जाति के नाम अथवा जाति को महिमामंडित करने संबंधी स्लोगन / स्टीकर आदि लगाकर चलने वाले वाहनों का केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की उपयुक्त धाराओं के अन्तर्गत चालान किए जायेंगे। कस्बों, तहसीलों और जिला मुख्यालयों में, कतिपय तत्वों द्वारा जातिवाद या अभिमान के कारण जाति का महिमामंडन करने वाले तथा भौगोलिक क्षेत्रों को जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईनबोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाते हुए भविष्य में ऐसे कोई भी बोर्ड्स आदि न लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही राजनीतिक उद्देश्यों से आयोजित जाति आधारित रेलिया आदि समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है इन पर उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा सोशल मीडिया पर किसी जाति को महिमामंडित करने तथा किसी जाति की निंदा करने वाली सोशल मीडिया संदेशों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से जातिगत द्वेष फैलाने अथवा जातिगत भावनाओं को उद्वेलित करने वालों के विरुद्व कठोर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन किसी अधिनियम के अंतर्गत कानूनी बाध्यता होने पर जाति का नाम अंकित किए जाने की छूट रहेगी। अर्थात अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कारित अपराधों की विवेचना करने वाले विवेचक अभियुक्त एवं पीड़ित की जाति अंकित कर सकते हैं।

### एक नज़र इधर भी



सम्भल-जिला अस्पताल में नवजात बच्चों को किट भेंट करती भाविप की महिलाएं।

## दुर्गाष्टमी पर भाविप ने नवजात कन्याओं को भेंट किए उपहार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद् की अधयक्षा प्राची गुप्ता के नेतृत्व में परिषद् की टीम ने सरकारी अस्पताल, अरविंद मेडिकल के सामने पहुँचकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर आज जन्मी सभी नवजात कन्याओं को कपड़े व खिलौने भेंट किए गए तथा माताओं को फल वितरित किए गए। इस सेवा कार्यक्रम में डा. जया काशल, डा. स्वातिरस्तोगी डा. इंदू त्यागी, परिषद् अध्यक्षा प्राची गुप्ता, सचिव मुदिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष शीतल गुप्ता, महिला सह-भागिता कविता रस्तोगी एवं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षा प्राची गुप्ता ने कहा कि बेटियाँ केवल परिवार की शान ही नहीं होतीं, बल्कि समाज की असली शक्ति होती हैं। एक बेटी दो परिवारों को संवारती और सुरक्षित करती है। जब बेटियाँ आगे बढ़ेंगी तभी समाज और राष्ट्र भी प्रगति करेगा। परिषद् के इस कदम का उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने और मातृशक्ति को सम्मान देने का रहा।

## युवक की करंट से मौत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** युवक की मिक्सी मशीन में करंट आने से मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के उमेश पुत्र शीशपाल सिंह निवासी सैजना अहरान की करंट लगने से मौत हो गई।उमेश दिल्ली में डोसा और मोमोस का काम करते थे। उनके साथ में पत्नी कमलेश भी रहती थी। दोनों लोग दिल्ली में काम करते थे। परिजनों को पता चला तो सभी दिल्ली पहुंच गये। वह शव को गांव लेकर आए। उनकी परिवार में कोहराम मच गया। उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट राजघाट पर कर दिया गया।



बबराला। विद्यालय पर गिरी आकाशीय बिजली से झुलसे बच्चों की अस्पताल में जानकारी लेते पूर्व मंत्री अजीत सिंह राजू।

# विद्यालय पर कहर बनकर गिरी आकाशीय बिजली

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** मंगलवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी। गुन्नौर क्षेत्र में विद्यालय विद्यार्थियों पर गिरी बिजली से सात विद्यार्थी झुलस गए। सबको अस्पताल लाया गया।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बिजुआनगला प्राथमिक विद्यालय में आकाशीय बिजली गिरने से पांच छात्र दो छात्राएं सहित सात विद्यार्थी घायल हो गये। जिसमे एक को रेफर मेडिकल कालेज अलीगढ़ किया गया। बिजली गिरने से जसोदा पुत्री प्रताप, शिवा पुत्र ओमकार, गुढा पुत्री रोहन, लोकी पुत्र रनविजय, उत्तम पुत्र बबलू, रचित पुत्र संतोष निवासी गढ़ बिजुआ नगला थाना गुन्नौर झुलस गये। अचानक गिरी बिजली की चपेट में आकर विद्यार्थी झुलस गए। उन्हें स्थानीय परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। जबकि रचित को अलीगढ़ मेडिकल रैफर कर दिया। आकाशीय बिजली गिरने की सूचना से सभी बच्चों के परिजन स्कूल को दौड़ पड़े। सभी को अपने अपने बच्चों की फिक्र हो रही थी।जिन परिजनों के बच्चे झुलस गये।वह अपने बच्चों को आनन फानन लेकर अस्पताल पहुंचे। शिक्षकगण भी घबरा गये। एक साथ तेज आवाज के साथ बिजली गिर गयी। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने अस्पताल पहुँचकर बच्चों का हाल जाना और परिजनों को सांत्वना दी।

**○सात विद्यार्थी झुलसे अस्पताल में कराया भर्ती**



बबराला- दुर्गाष्टमी शोभायात्र का फीता काटकर शुभारम्भ करते।

# कोआर्डिनेशन कमेटी देगी किसानों को बीज

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पंजाब बाढ़ पीडितों की मदद को गोद लिए गए गांव जटटा, में कोर्डिनेशन कमेटी और गांव के किसान मजदूरों की एक साझा मीटिंग हुई। जिसमें तय हुआ कि इस गांव के किसानो को खाद और बीज की सेवा कोर्डिनेशन कमेटी 01 से 05 किले जमीन तक के काश्तकारों को मदद करेगी।, अगर कुछ किसानों पर जमीन ज्यादा है, तब भी सेवा 05 किले जमीन के लिए ही दी जायेगी। ठेके अथवा बटाई पर बोने वाले मजदूरों को भी मदद दी जायेगी।

बाबा हरदीप सिंह की मौजूदगी में हुई मीटिंग में गांव के ग्यारह सदस्यों की कमेटी बना ली है। ये अपने गांव का पूरा ब्यौरा दो तीन दिन में दे देंगे। तभी मदद देने की शुरुआत हो जायेगी। एक मजदूर परिवार की सभी 09 भैंस मर गई और सारी फसल बर्बाद हो गई। उसे भी मदद के दायरे में लिया जायेगा। भाई अजय पाल का तीन मंजिल मकान टेढ़ा हो गया। उस पर बजट के अनुसार कमेटी की आम सभा में निर्णय करेंगे। कपड़े आदि गांव के मजदूरों के परिवारों को देंगे। पंजाब बाढ़ सहायता कोर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह ने कोर्डिनेशन कमेटी की तरफ अपनी बात रखी। गुरुद्वारा साहिब सरकडा कमाल के प्रबंधक सरदार कामेंद्र सिंह और हम तीन अन्य साथी भी उपस्थित रहे।

# विज़न डॉक्यूमेंट में सभी करें भागीदारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव को लेकर नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नीमा संगठन बहजोई के अध्यक्ष वैद्य संजय गुप्ता ने अपने संगठन की जानकारी दी। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के लिए नीति निर्धारण करने के लिए सुझाव दिया जाए। उन्होंने सुझाव देने के लिए अपील की एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आईएमए एवं नीमा की बैठक भी आगे की जाया करेंगी ताकि समस्याएं एवं सुझाव साझा किये जा सकें। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर कहा कि इसमें सभी सभी लोग प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी करें जो सर्वाधिक सुझाव देगा उसको सम्मानित किया जाएगा यह अभियान 5 अक्टूबर तक चलेगा तथा सुझाव देने के लिए अपनी लोकेशन को ऑन रखें एक सिम कार्ड से केवल तीन ही सुझाव दिए जा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से जनपद की जानकारियां प्राप्त हो जाती हैं। यह एप प्रशासन से जुड़ने के लिए महत्वपूर्ण साधन है। जिलाधिकारी सम्भल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 के विषय में भी बताया जोकि 6 अक्टूबर से विभागीय कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे जोकि 13 अक्टूबर तक चलेंगे एवं 5 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्टाल लगी रहेंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द एवं जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर पार्क से अवैध कब्ज़ा हटवाने की मांग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कांग्रेस के निर्वतमान जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब के पार्क पर किए गए अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा निवासी निर्वतमान जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सोंपकर कहा कि शिव मंदिर कूप घर के गडढे और होली चौक एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पर अतिक्रमण व अवैध कब्ज़ा कर लिया गया है। कांग्रेस नेता ने इस मामले की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## दुर्गाष्टमी पर बबराला में निकली झांकियां

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के रामलीला मैदान में हर वर्ष की भांति झांकियों में काली अखाड़ा निकाला गया झांकियों का उद्घाटन सपा नेता अमित यादव नें फीता काटकर किया विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं वृंदावन से आयी राधा कृष्ण की रासलीला कमेटी नें नृत्य से दर्शकों का मन मोहा इस मौके पर डक्क नवल किशोर, राजाराम, सुधीर शर्मा मुकुट लाल, पप्पू अग्रवाल, राजीव यादव, शशिकांत वार्ष्णेय, विजेंद्र सिंह, निखिल गुप्ता, राजा यादव, उदयवीर सिंह, विशाल वर्मा, ब्रह्मानंद, राकेश कुमार, सुनील गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

## बारिश से कोतवाली हुई पानी-पानी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सम्मान नारी सुरक्षा नई स्वावलंबन पर एक रैली निकल गई। जिसमें बबराला थाना के इंचार्ज और उनका स्टाफ तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। जिसमें नारी सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किया और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण फोन नंबर बताए गए तथा थाने से आए हुए स्टाफ ने सभी छात्रें को नारी सम्मान और सुरक्षा हेतु पंपलेट वितरित किए।रैली निकाली गयी।

# जीरो प्वाइंट पर सड़क हादसे में तीन घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद की तरफ से बिलारी की और जा रही रोडवेज बस ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जहां एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क हादसे में घायल युवक बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर के बताए जा रहे हैं।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव डोमघर और फरहेदी के बीच स्थित रेलवे ट्रैक के किनारे मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद कुंदरकी थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। शव की स्थिति देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों से मृतक की



पहचान के लिए लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक मृतक की कोई पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हादसा है, आत्महत्या है या फिर किसी अन्य वजह से मौत हुई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मृतक की पहचान कर मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह जब वे खेतों की ओर जा रहे थे तभी ट्रैक के पास शव दिखाई दिया। इस घटना से रेलवे ट्रैक पर आवाजाही करने वाले लोग दहशत में हैं और हर कोई इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहा है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की पहचान में मदद करने की अपील की है।

## एक नजर

### सूफी संत सैयद हबीब शाह मियां का चार रोजा उर्स अकीदत एहतमाम के साथ 2 अक्टूबर से होगा शुरू: मोहम्मद यूनुस

**कुंदरकी।** विधानसभा क्षेत्र केदलपतपुर सूफी संत सैयद हबीब शाह रहमातुल्लाह अलैह का 33 वा उर्स अकीदत एहतमाम के साथ 2 अक्टूबर को ग्राम खानपुर चमरुआ में शुरू होगा। हजरत शाह सैयद हबीब अहमद मियां का हर साल की तरह इस साल भी उर्स अकीदत एहतमाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमे 2 अक्टूबर गुरुवार को बाद नमाजे मगरिब कुल शरीफ व नमाज इशा मिलाद मुबारक व तकरीर दूसरे दिन जुम्मे को बाद नमाजे फजर कुरआन ख्वानी 6 बजे सुबह विसाली बड़ा कुल शरीफ बाद नमाजे ईशा कव्वाली का आयोजन होगा तथा शनिवार को तीसरे दिन बाद नमाजे फजर कुरान ख्वानी कुल शरीफ बाद नमाज ए ईशा कव्वाली कुल शरीफ होकर उर्स संपन्न हो जाएगा।

बताते चलें सैयद हबीब शाह मियां बड़े पाय दार बुजुर्ग थे उनके अन्य प्रदेशों में मुरीद है वाह उन से निस्बत रखने वाले है। उनकी दरगाह पर दूर-दराज से अकीदत मंद आते हैं और रूहानी फेज हासिल करते हैं वही दरगाह के देखरेख करते थे।ये जानकारी खादिम मो0 यूनुस नम्बरदार ने दी। उन्होंने उर्स में सभी लोगो से शामिल होने की अपील की है।

### मौसम के बदलाव से गर्मी से मिली राहत, धान की कटी फसल पर बारिश पड़ी तो आ सकती है आफत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मौसम में हुए बदलाव के बाद आज गर्मी से तो राहत मिल गई लेकिन जिन किसानों के खेतों में धान की फसल कटी पड़ी है अगर बारिश पड़ी तो उनके लिए यह राहत आफत बन सकती है। बतादें कि सप्ताह भर से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था सुबह को अचानक बादल छाए तो लोगों को गर्मी से राहत मिल गई मौसम काफी खुश गवार हुआ।

लेकिन इसके साथ-साथ जब बूंदाबांदी शुरू हुई तो किसानों के चेहरे पर बल पड़ गए किसानों का कहना था कि धान की कटी फसल पर यदि बारिश पड़ जाती है तो फिर धान में नुकसान होना लाजमी है किसानो ने इस वक्त पड़ी बारिश से नुकसान होने की आशंका जताई है।

### श्री नरेन्द्र भूषण स्कूल में राम नवमी के अवसर पर डांडियां कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**कुंदरकी।** श्री राम नमी के अवसर पर श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रामनवमी पर्व के अवसर पर डांडिया प्रोग्राम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों ने इस पर्व के बारे में समझा और डांडिया प्रोग्राम का सांस्कृतिक नृत्य पेश किया, इस अवसर पर कोर्डिनेटर सोफिया हाफिज ने कहा कि सभी पर्व महत्वपूर्ण होते है, धरती पर असुरों से रक्षा हेतु देवी देवताओं ने असुरो का संघार कर मानव जाति की हमेशा रक्षा की है, हिंदू धर्म में लगातार 9 दिन तक देवी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा विधान पूर्वक अर्चना की जाती है, असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक को हम सभी मिलकर बनाते हैं, इस अवसर पर हमद, तैमूर अनीश बिलाल अहान साहिल, हक नवाज सोहन जकीरा, सिदरा एवं अफीफा अदीबा गोसिया इकरा जोया कृष्ण विराट आलिया आदि छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक प्रोग्राम पेश किए।

### चंदौसी इंटर कॉलेज के छात्र हैरी ने प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग ( बालक वर्ग ) में हमारे विद्यालय चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के कक्षा 11 के छात्र हैरी ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता सहारनपुर में हुई थी। छात्र की इस उपलब्धि पर मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार तथा प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता ने फूल मालाओं से छात्र का स्वागत किया तथा प्रशस्ति पत्र, ट्रैक सूट, नकद धनराशि व मेडल पहनाकर छात्र को सम्मानित किया।

# भारतीय किसान यूनियन ने विद्युत समस्या को लेकर एमडी को सौंपा ज्ञापन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में आज मेरठ में एमडी विद्युत से प्रति. निधि मंडल ने मुलाकात की और किसानो की विद्युत समस्याओं को उनके सामने रखा। बताया गया कि कांठ टाउन में बिजली आपूर्ति की 33000 लाइन की स्थिति काफी खराब है उसके तार बदलवाए जाने और आसपास के पेड़ों की टहनी कटवा कर ब्रेकडाउन शटडाउन से निजाद दिलाए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने एमडी से कहा कि विद्युत चोरी प्रकरण आदि के निस्तारण के लिए ओटीएस में पंजीकरण कराए गए थे लेकिन उपभोक्ताओं से उनका बकाया राशि जमा करा कर समस्या का निस्तारण नहीं किया गया उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग का पोर्टल बंद है इसे खुलवाकर इस तरह के उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा कराकर उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना चाहिए। एमडी ने किसानों की समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उनके साथ भारतीय किसान यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सिविल डिफेंस की ओर से आज भी लगाया जाएगा शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा दो दिवसीय विशेष शि. विर लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर शारदीय नवरात्रि 'अष्टमी' एवं नवमीं के अवसर पर आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह जी के द्वारा दो दिवसीय अष्टमी एवं नवमीं के उपलक्ष्य में वार्डन्स की ड्यूटियां मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए लगाई गईं थीं।

आज प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट विनय पांडे जी एवं मंदिर के महंत राम गिरी गिरी जी महाराज के द्वारा शिविर का उद्धघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही महंत जी द्वारा नारियल फोड़ कर कैम्प का शुभारम्भ किया। कैम्प में खोये पाये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाना, साथ ही स्वच्छ पानी की कैम्प में व्यवस्था करना,और शांति व्यवस्था में सहयोग करना ही मुख्य उद्देश्य है।मंदिर के चारों ओर वार्डन्स पीली ड्रेस में ड्यूटी को अंजाम देते रहे। सहायक उप उपनियंत्रक सतीश कुमार,प्रभारी डिवीजनल वार्डन



अशोक कुमार गुप्ता, डिप्टी डिविजनल वार्डन चक्रेश लोहिया, डिविजनल, स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता,स्टाफ अधिकारी वसीम अंसारी, स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर,स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद,स्टाफ अधिकारी डॉव शफीक अहमद, आईसीओ सुभाष जैन, अनुज कुमार गुप्ता, अंकुश भटनागर,आकाश अग्रवाल, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति, आशीष त्रिवेदी,शाकिर हुसैन, सूरज प्रकाश, राजेश खन्ना,संजय कुमार गुप्ता, अनिल रस्तौगी, अंकुश भटनागर, निमित जायसवाल, सिकंदर हुसैन, अनामिका गुप्ता, आकाश रस्तोगी,सरजीत कुमार, मोहम्मद दानिश, दीपिका वर्मा, बबीता, अरुण गुप्ता,परवेज खान, कमल कश्यप,नीतू सक्सेना, सुखदेव यादव, संजीव खन्ना, राज विमल शर्मा, राहुल प्रजापति, शबाना परवीन, शबीना परवीन, शकील अहमद, सहीम उद्दीन, आदि सहयोग दे रहे हैं। अब तक 7 बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाया।

# स्वास्थ्य मेले का आयोजन, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम में मुरादाबाद जिला अस्पताल से आए जनरल सर्जन डॉ. प्रीतपाल एवं डॉ. गांधी रोहन के साथ ही बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु माली, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेशमा वजाहत, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आकाश





जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही सक्सेना, दंत चिकित्सक डॉ. सचिन कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. रेशमा वजाहत डॉक्टर सेहर फातिमा और डॉ. श्वेतांबर त्यागी, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जय वर्मा तथा आयुर्वेदाचार्य डॉ. वर्णिका रानी ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। मेले के सुचारु संच. ालन में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, मनीष चौधरी और आर.पी. वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने पूरे मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस स्वास्थ्य मेले से बड़ी हर प्रकार संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया और विशेषज्ञों से उपचार प्राप्त किया।


## संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने सगे बेटे पिंटू सिंह को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में पिंटू सिंह के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**कामेंद्र सिंह पुत्र चेतराम**
**निवासी: ग्राम बहादुरपुर राजपूत थाना पाकबडा, जिला मुरादाबाद।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैने व मेरे पति नसरूददीन पुत्र शमशुददीन ने अपने भाई सकाउददीन पुत्र शमशुददीन से उनके गलत संगत व व्यवहार के कारण अपने परिवार के अन्य सदस्यों सहित संबंध विच्छेद कर लिए हैं। तथा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी उक्त सकाउददीन के किसी कार्य की नही है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है।

**रिहाना पत्नी नसरूददीन**
**निवासी ग्राम नगलिया नरायन ( शहनाई मैरिज हाल के पास ) ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## खोया-पाया सूचना

श्रीमती इमराना बेगम पत्नी अफरोज आलम, महजबी बेगम पत्नी अतीक अहमद, कहकशाँ बेगम पत्नी हाजी मोहम्मद नसीम उर्फ भूरे के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख जो रजिस्ट्रार अमरोहा के कार्यालय में बुक नं. 1 जिल्द नं. 7223 पृष्ठ नं. 323/362 क्रमांक नं. 636 दिनांक 15/01/2015 में पंजीकृत है, वास्तव में कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/बैंक को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति है या उक्त संपत्ति को पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा के पास बंधक रखने के संबंध में कोई आपत्ति या आपत्ति है। तो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 07दिन के भीतर अपनी आपत्ति/दावा मेरे पास प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय एवं बंधक के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा उक्त संपत्ति को अपने नाम बंधक रखेगी तथा ऋणकर्ता के पक्ष में ऋण मुक्त करेगी। कपिल चौधरी एडवोकेट कानूनी सलाहकार पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद मोबाइल- 9412322181

**सुहैल पुत्र मौहम्मद आरिफ**
**निवासी तुरतीपुर इल्हा, सराय रूकनुद्दीन जिला सम्भल।**


# टिमिट में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ''बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट'' प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के पुन: उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने पुराने और अनुपयोगी सामान को उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं में बदलकर अपनी नवोन्मेषी सोच और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया। यह पहल न केवल छात्रों की सृजनात्मक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि सतत विकास एवं स्वच्छता अभियान की दिशा में भी एक प्रेरणादायी कदम है। कार्यक्रम का संचालन इवेंट कोऑर्डिनेटर के मार्गदर्शन में हुआ। प्रदर्शनी में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ''आज की इस प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि हमारी नई पीढ़ी में अपार रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मौजूद है। 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' जैसे प्रयास न केवल छात्रों को सीखने का एक मंच प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें यह भी सिखाते हैं कि संसाधनों का सही उपयोग कर हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। मुझे गर्व है कि हमारे छात्र नवाचार और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम निश्चित रूप से उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य की सफलता में सहायक सिद्ध होंगे।'' प्रदर्शनी का समापन छात्रों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# टीएमयू को मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग एमएचडब्ल्यू रैंकिंग में प्लैटिनम बैंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद अपने स्टुडेंट्स, फैकल्टीज और स्टाफ की मेंटल हेल्थ और वेलबीइंग के प्रति हमेशा से संजी. दा रही है। यूनिवर्सिटी की इस सेवा को आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग ने भी स्वीकार किया है। टीएमयू ने पहली बार एमएचडब्ल्यू रैंकिंग में प्लेटिनम बैंड हासिल किया है। यूनिवर्सिटी के लिए यह अनूठी उपलब्धि है। इस सम्मान से गदगद टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, टीएमयू स्टुडेंट्स की मान. सिक सेहत और भलाई के संग-संग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यूनिवर्सिटी एमएचडब्ल्यू की वैश्विक रैंकिंग में और भी अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उल्लेखनीय है, यूनिवर्सिटी परामर्श सेवाओं, कल्याण अभियानों, खेल एवम् मनोरंजक गतिविधियों, छात्र जुड़ाव कार्यक्रमों, शैक्षणिक मार्गदर्शन जैसी पहलों के माध्यम से स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने पर लगातार जोर देती है। ये प्रयास न केवल बेहतर शैक्षणिक परिणामों में योगदान करते हैं, बल्कि पूरी यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक कल्याण में भी सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह इस सफलता का श्रेय प्रबंधन तंत्र की दूरदर्शिता को देते हैं। समावेशिता के संग-संग कैम्पस जीवन की समग्र गुणवत्ता पर केंद्रित नीतियों को रचनात्मक आकार देने में हम सभी की प्रतिबद्धता, टीम वर्क और योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## दुर्गा अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दुर्गा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ण करने की कामना की और कन्याओं को भोजन कराया सकांठ नगर तथा क्षेत्र में धूमधाम के साथ श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व संपन्न हुआ। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर तथा अपने अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराकर मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान नगर के माता का थान मंदिर, श्रीरामलीला मंदिर, जाहरवीर मंदिर, वैश्य बिश्नोई मंदिर , मोहनी मंदिर आदि मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन तथा गीत गाकर माता को प्रसन्न किया। लोगों ने अपने अपने घरों में कन्याओं का पूजन कर व्रत को पूर्ण किया। नागरिकों ने माता से देश व धर्म की तरक्की के लिए कामना की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 297/2024
**तारीख पेशी:** 15.10.2025
**श्रीमती पूनम बनाम श्रीमती रामवती आदि।**

1. श्रीमती पूनम उम्र करीब 34 वर्ष पत्नी स्व. बाबू, 2. वीर आयु करीब 13 वर्ष पुत्र स्व. बाबू सिंह, 3. अर्पित आयु करीब 03 वर्ष पुत्र स्व. बाबू सिंह याची सं. 2 ता. 3 की ओर से की माता संरक्षिका श्रीमती पूनम पत्नी स्व. बाबू निवासीगण कटघर वीरशाह हजारी थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनीगण।**

**बनाम**

1. श्रीमती रामवती उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी स्व. उमेश निवासी कटघर वीर शाह हजारी श्यामलाल स्कूल के पास थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. जनता आम-विपक्षीगण।

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती पूनम हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती पूनम मुसबफा बाबू सिंह अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा श्रीमती पूनम ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 15 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 17.10.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**259 सन् 2023
**अफजाल अहमद बनाम गुफरान आदि।**

अफजाल अहमद खान आयु लगभग 64 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद खान एडवोकेट मरहूम निवासी मौहल्ला मुगलपुरा लाल स्कूल शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. गुफरान अहमद खान आयु लगभग 70 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद खान निवासी मौहल्ला मुगलपुरा प्रथम लाल स्कूल शहर व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम** शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा अफजाल अहमद खान गोयल हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा अफजाल अहमद खान मुसबफा शमीम बेगम पुत्री अब्दुल मजीद खान अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 182,537.67 पैसे हरगाह मुसम्मा अफजाल अहमद खान ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 17 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहा. जा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# छात्रा साधना राठौर बनी एक दिन की कोतवाली प्रभारी

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत हिंदू मॉडर्न इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया सदर कोतवाली का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मिशन शक्ति फेस-5 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना कोतवाली शहर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजेंद्र सिंह की मौजूदगी में हिंदू मॉडर्न इंटर कॉलेज बुध बाजार की छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराना और उनमें कानून व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।भ्रमण के दौरान कक्षा 11 की छात्रा कुमारी साधना राठौर को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभालते हुए छात्रा साधना ने मारपीट प्रकरण से संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने मोहल्ला कटरा



नाज निवासी टीकाराम पुत्र देवीराम की तहरीर पर पीड़ित का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। इस दौरान छात्राओं ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि शिकायतों पर पुलिस किस प्रकार कार्यवाही करती है।कार्यक्रम में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी गई। उन्हें साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, थाना हवालात तथा कार्यालय कक्षों का अवलोकन कराया गया। साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़े सभी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 112, 181, 1098 आदि के उपयोग और महत्व से भी अवगत कराया गया।भ्रमण के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा पंपलेट वितरित कर छात्राओं को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने छात्राओं से अपील की कि वह न केवल स्वयं जागरूक रहें बल्कि समाज की अन्य महिलाओं और बालिकाओं को भी इन योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दें।इस अवसर पर छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस व्यवस्था व महिला सुरक्षा संबंधी प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने उनके सभी सवालों का समाधान करते हुए मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने बताया कि इस अनुभव से उन्हें काफी प्रेरणा मिली और वह आगे चलकर समाज सेवा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देना चाहेंगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा

## न्यायालय ने दिया सख्त संदेश, बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद न्यायालय संभल ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। यह निर्णय समाज को यह स्पष्ट संदेश देता है कि नाबालिग बालिकाओं और महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अपराधियों को कानून की कठोर सजा अवश्य मिलेगी। मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, जनपद सम्भल अवधेश सिंह के न्यायालय स्थान चंदौसी में



विशेष सत्र परीक्षण संख्या 100/2022 (अपराध संख्या 614/2022), धारा 376(क) भारतीय दंड संहिता एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट, थाना गुन्नौर, जिला सम्भल से संबंधित गंभीर प्रकरण की सुनवाई हुई जिसमें अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र मुकेश, निवासी वार्ड नं. 03, लोहिया कॉलोनी, राजघाट रोड, बबराला, थाना गुन्नौर, जिला सम्भल को मामले में दोषी पाया गया। सभी तथ्यों और साक्ष्यों को परखने के बाद विद्वान न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कारावास एवं 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह दंड यह दर्शाता है कि कानून ऐसे जघन्य अपराधों के प्रति बिल्कुल भी नरमी नहीं बरतेगा।

यह फैसला न केवल एक पीडिघ्ता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि पूरे समाज के लिए यह चेतावनी भी है कि महिलाओं और बालिकाओं की गरिमा व सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सरकार लगातार महिला सशक्ति करण और सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास कर रही है। न्यायालय का यह निर्णय उन प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।

# जनपद स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी संकुल 05 रनों से विजयी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी में जनपद स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी संकुल व हिंद इंटर कॉलेज संभल संकुल की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में केवल एक मैच संकुल हिंद इंटर कॉलेज संभल संकुल और एस.एम. इण्टर कॉलेज चंदौसी संकुल की टीमों के बीच खेला गया जिसमें एस.एम. इण्टर कॉलेज चंदौसी संकुल की टीम 05 रनों से विजयी रही।

प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका अश्विनी कुमार शर्मा (चंदौसी इंटर कॉलेज, चंदौसी) ने निभाई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अनिल कपूर, बेसिक शिक्षा विभाग एवं सचिन शर्मा रहे। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में चंद्रकां एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# स्थानांतरण की मांग को लेकर शिक्षकों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** स्थानांतरण की मांग को लेकर पिछले छह दिनों से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के सुभाष रोड स्थित आवास पर धरना दे रहे शिक्षक अब गांधी पार्क में बैठ गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वह तब तक आंदोलन जारी रखेंगे जब तक लखनऊ से स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो जाती। धरने के दौरान शिक्षक नेता शिवेन्द्र कुमार की हालत बिगड़ गई। वे लगातार छह दिन से बिना रुके धरना स्थल पर बैठे थे। इस बीच मेरठ, प्रयागराज, प्रतापगढ़ सहित अन्य जिलों से भी शिक्षक चंदौसी आकर आंदोलन में शामिल हो गए। शिक्षकों का आरोप है कि जून से सितंबर तक का समय बीत गया लेकिन उनकी स्थानांतरण फाइलें अब तक लंबित हैं, केवल आश्वासन के अलावा उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ है।मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई राज्यमंत्री के आवास पहुंचे और शिक्षकों से वार्ता की। एसपी ने कानून का हवाला देते हुए आवास से हटने



को कहा। इस दौरान उनकी शिक्षकों के नेताओं से हल्की झड़प भी हुई। दूसरे दौर की बातचीत में जिलाधिकारी ने भी शिक्षकों से आवास से हटने की अपील की और चेतावनी दी कि यदि नहीं हटे तो कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसके बाद लगभग 50 से अधिक शिक्षक आवास से पैदल चलते हुए गांधी पार्क पहुंचे। यहाँ अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने धरने के लिए व्यवस्था कराई। अब शिक्षक गांधी पार्क में बैठकर अपनी स्थानांतरण संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखे हुए हैं।

## एक नजर

### पूर्वांचल वासियों ने विधायक के साथ नगर आयुक्त से की मुलाकात



**मुरादाबाद** ।नगर विधायक रितेश गुप्ता के नेतृत्व में पूर्वांचल वासी नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से उनके कार्यालय में मिले और उन्हें छठ पूजा के लिए दो घाट पूर्वांचल वासियों के लिए समर्पित किए हैं। इस अवसर पर नगर विधायक रितेश गुप्ता ने पूर्वांचल वासियों की ओर से नगर आयुक्त को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि पूर्वांचल वासियों की मांग काफी समय से चली आ रही थी और नगर आयुक्त के प्रयासों से यह संभव हो पाया है कि हमें छठ पूजा के लिए दो घाट मिले हैं।

उन्होंने कहा कि यह नगर आयुक्त के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सामाजिक संवेदनशीलता का प्रतीक है।नगर विधायक रितेश गुप्ता ने बताया कि अमृत सरोवर सम्राट अशोक नगर लोकोसेड दिल्ली रोड मुरादाबाद को एक अस्थाई घाट मिला है और एक स्थाई घाट छठ पूजा के लिए आदर्श नगर ढक्का के समीप लाइनपर में नगर आयुक्त के प्रयासों से हो पाया है।पूर्वांचल वासियों ने कहा कि हम धन्य हैं कि हमें ऐसे नगर विधायक और नगर आयुक्त मिले हैं जिनके तालमेल से हम लोगों को छठ पूजा के लिए यह घाट मिला है। उन्होंने संस्था की ओर से नगर विधायक रितेश गुप्ता के साथ नगर आयुक्त एवं उनकी पूरी टीम को कोटि-कोटि धन्यवाद अर्पित किया है।इस अवसर पर अमित दुबे, परिमल कुमार, अंकित सिंह, डीबी सिंह, अभिनव शर्मा, धर्मेश सैनी, विशाल सिंह गोलू, शैलेंद्र सैनी, तुषार, गजेंद्र सिंह, प्रशांत सागर आदि मौजूद रहे।

### ई. कचरा जलाने का विरोध करने पर किसान ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**भोजपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** गांव शाहपुर में ढेला नदी के किनारे जंगल में ई-कचरा जलाने को मना करना किसान को भारी पड़ गया। दबंगों ने किसान को सरेराह गांव में लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव शाहपुर निवासी आकिल ने कहा है कि पडोस के उसमान, हाकम, कासिम और मौ0 आलम पुत्रगण कलुआ से खेत के निकट ई-कचरा जमा कर जलाते हैं। इससे फसल खराब हो रही है। मंगलवार को आरोपियों से खेत के निकट आग जलाने से मना किया।घ्इस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए लात-घुसों व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित का डाक्टरी मुआयना कराकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसपी ग्रामीण ने रावण दहन स्थल का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**भोजपुर।** दशहरे के पर्व पर नगर में पीपलसाना रेलवे स्टेशन ट्रेक के निकट लगने वाले मेले और रावण दहन का चित्रण देखने वाली भीड़ की सुरक्षा करने के लिए सोमवार की रात को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार, डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह और प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को साथ लेकर भौगोलिक निरीक्षक किया। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल के निकट से गुजर रहे रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों और मालगाड़ियों पर चर्चा की। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को रावण दहन के दौरान इकट्ठा होने वाली भीड़ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। ताकि ट्रेन के गुजरने के समय लोगों को पटरी से दूर किया जा सके।

# दशहरा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण, 35 फीट ऊंचे 'रावण के पुतले का होगा दहन'

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर में लगने वाले दशहरा मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर व क्षेत्र में विजयदशमी का त्योहार 2 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला स्थल पर दुकान लगाने के लिए जगह का चिन्हीकरण कराया जा चुका है । सफाई अभियान चलाकर मेला स्थल की सफाई भी कराई गई है।चेतरामपुर मार्ग पर मेला स्थल में दुकानें लगाने वाले पहुंच गए थे स पुलिस ने भी मेला स्थल का दौरा किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने मेला ड्यूटी में लगाए जाने वाले पुलिस कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। बैरिकेडिंग और पार्किंग की व्यवस्था को निर्देश दिए। मेला कमेटी ने भी मेले की व्यवस्था को बनाए रखने के पूरे इंतजाम किए हैं। भारत विकास परिषद सहित मेले में कई सामाजिक संगठनों के द्वारा भी शिविर लगाए जाएंगे।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने मेला स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नगर पंचायत के कर्मचारियों को साफ सफाई, पानी आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर पंचायत कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर मेला स्थल और उसके आस पास साफ सफाई की विजयदशमी के त्योहार पर परंपरागत ढंग से रावण के पुतले का दहन किए जाने के लिए मेला आयोजकों द्वारा लंका नरेश का 35 फीट ऊंचा पुतला तैयार कराया जा रहा है। पुलिस इसे कड़ी सुरक्षा के घेरे में रखेगी। प्रशासन द्वारा गठित अस्थाई रामलीला मंचन समिति के द्वारा प्रतिवर्ष विजयदशमी के अवसर पर दशहरा मेले का आयोजन कराया जाता है। इस मेले में ही श्रीराम-रावण युद्ध का सुंदर मंचन भी होता है। कारीगरों द्वारा रावण के 35 फीट ऊंचा पुतला तैयार किया जा रहा है।पुलिस ने रावण के पुतले को मेले के दिन कड़ी सुरक्षा के घेरे में रखे जाने की योजना बनाई है। पुतले के पास पीएसी और पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। जिसके लिए ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। इसी के साथ अग्निशमन वाहन भी मौजूद रहेगा।



# आईएफटीएम में 'नुक्कड़ नाटक' का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एक ''नुक्कड़ नाटक'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम की संयोजिका व एनसीसी की मानिद मेजर डॉक्ष् राजकुमारी सिंह ने बताया कि इस समय मौसम में परिवर्तन के कारण अनेक प्रकार के संक्रमण होने की संभावना रहती है। इसा कड़ी में उन्हासेंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को स्वच्छ रहने और अपने आसपास भी स्वच्छता रखने की बात कही, जिससे गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। इस दौरान कैडेट्स ने श्रमदान भी किया, जिसके अंतर्गत कैडेट्स ने परिसर में साफ-सफाई करते हुए प्लास्टिक का उपयोग न करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव व गर्ल्स बटालियन एनसीसी की केयर टेकर रश्मि पांडे ने जानकारी दी कि 21 सितंबर से 29 सितंबर के मध्य मनाए गए 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने छात्र-छात्राओं और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न पोस्टर्स बनाने के साथ ही एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

# शोभित ठाकुर के हत्यारोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं पुलिस टीमें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित ठाकुर की गोली मारकर की गई हत्या के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है और कई टीमें सुराग जुटाने में लगी हुई हैं। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शोभित का शव उसके घर लाया गया तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर के बाहर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पूरे मोहल्ले में मातम छा गया।पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभित का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और लोगों की आंखें नम हो गई। मृतक के परिवार और स्थानीय लोगों ने हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की है। परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा नहीं दी जाती, तब तक उनका दर्द कम नहीं होगा।गौरतलब है कि सोमवार देर शाम कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी इलाके में कुछ युवकों ने शोभित ठाकुर को गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शोभित ठाकुर कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी फाटक का निवासी था। वह कक्षा 11 का छात्र था और बजरंग दल से जुड़ा हुआ था। सबसे बड़ी दुख की बात यह है कि शोभित अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी पांच बहनें हैं।शोभित की मौत से न केवल परिवार बल्कि पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है। इलाके के लोगों का कहना है कि इतने होनहार और कम उम्र के बच्चे की इस तरह हत्या होना बेहद दर्दनाक और चिंताजनक है। घटना के बाद से ही बजरंग दल कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।वहीं पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस टीमें कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

सूचना सं. 17/2025 दिनांक : 30.09.2025

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./ 2025:- बिजनौर माल शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, मुरादाबाद गुड्स शेड में ग्राहक सुविधाओं के लिए विद्युत कार्य, रामपुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, स्योहारा स्टेशन पर नए माल शेड में बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य, दबतारा स्टेशन पर नए माल शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य। | 16313839.76 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 231600.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 22.10.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |
| 2 | 21/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:- चंदौसी स्टेशन की लाइन संख्या 10 पर नई माल हैंडलिंग सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य और इकबालपुर (आईक्यूबी) में नए रेलवे गुड्स शेड की स्थापना के लिए विद्युत कार्य। | 2867335.08 (जीएसटी सहित) | | 57400.00 | 6 (छः) माह | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3024/25



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/तिथि | 195-DRM-MB-25-26 Date: 30.09.2025 | 196-DRM-MB-25-26 Date: 30.09.2025 | 197-DRM-MB-25-26 Date: 30.09.2025 | 198-DRM-MB-25-26 Date: 30.09.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy Repair to Road Surface, Speed Breaker and Other Misc. Work at L-Xing in the Section of ADEN-II-HRI | Heavy repair of staff quarter with provision of standard kitchen, bathroom, toilet and plastering flooring, doors windows, repair work at station in the section of SSE/W/SPC Under ADEN/II/HRI | Supplying and spreading 10000 cum of 65 mm gauge machine crushed stone ballast on cess in ON-BLM and BLM-SPC section under Sr. DEN-II/MB. | Miscellaneous Bridge work in the Section of ADEN/HRI/II under DEN/II/MB. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 24.10.2025/16:00 | 24.10.2025/16:00 | 24.10.2025/16:00 | 24.10.2025/16:00 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹59,61,702.47 | ₹69,83,556.08 | ₹1,96,62,700.00 | ₹94,98,562.20 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹1,19,200.00 | ₹1,39,700.00 | ₹2,48,300.00 | ₹1,90,000.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह | 08 माह | 12 माह |

टेंडर नं.: 74/W/2/3/WA/Publication दिनांक.: 30.09.2025 3025/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# महायज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुगण

**बिलारी।** श्रीराम आश्रम काली मंदिर पर चल रहे नवचंडी महायज्ञ में पूजा अर्चना के साथ यज्ञ में विधि विधान से आहुतियां प्रदान की गई और क्षेत्र की श्रद्धालु महिलाओं भक्तों द्वारा माता का गुणगान कर भजन कीर्तन किया गया। सहसपुर स्थित मार्ग पर श्रीराम आश्रम काली माता मंदिर में यज्ञ भवन में यज्ञ में आहुतियां प्रदान की गई ,आज के यजमान विनोद कुमार शर्मा, श्रीमती उमा शर्मा एडवोकेट, आशीष शर्मा, तिलक राज चांदना, श्रीमती सुशीला चांदना, संजय सक्सेना, चौधरी राजेंद्र सिंह , उमेश शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि रहे।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मनोज गिरि व पुत्रवधू श्रीमती ममता देवी निवासीगण मौहल्ला डबल फाटक मंदिर वाली गली थाना कटघर, मुरादाबाद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। सरोज गिरि पत्नी स्व. गिरीश चन्द्र गिरि निवासी मौहल्ला ललिता व मन्शा देवी मंदिर, माता मंदिर रेलवे अस्पताल के पीछे थाना सिविल लाईन, जिला मुरादाबाद।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रचिन को नेट पर चेहरे पर लगी चोट

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को एक और झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आज ट्रेनिंग के दौरान उनके चेहरे पर चोट लग गई। 24 वर्षीय खिलाड़ी कैच लेने की कोशिश में बाउंड्री होर्डिंग से टकरा गए, जिससे उनके चेहरे पर चोट लग गई। न्यूजीलैंड टीम के आधिकारिक हैंडल के अनुसार, रवींद्र ने मैदान पर शुरुआती कन्कशन टेस्ट पास कर लिया है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें कड़ी चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को 2025 में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा हो। इस साल की शुरुआत में, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान, द. अफ्रीका के खिलाफ फ्लड लाइट्स में कैच लेते समय रवींद्र के माथे पर चोट लग गई थी।

### उत्तराखंड में पहली सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप शुरू

**रूद्रपुर, वार्ता।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पहली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप के शुभारंभ के मौके पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि सीबीएससी ने अपनी खेल गतिविधियों में तलवारबाजी को शामिल किया है। पहले चैम्पियनशिप की मेजबानी उधमसिंह नगर को मिली है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि हम तलवारबाजी चैम्पियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

# एशिया कप जीतकर भारतीय टीम मुंबई पहुंची

● **एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले: पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था**

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। टीम इंडिया ने पीसीबी-एसीसी चीफ मोहसिन नकवी का बॉयकाट किया और उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहला आईपीएल टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। स्पोर्ट्स वेबसाइट रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- श्हम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है। सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। भारतीय कप्तान ने कोच से तालमेल पर कहा मेरा और गौती भाई (गंभीर) का रिश्ता छोटे और बड़े भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। हमारे बीच भरोसे का लेवल बहुत बड़ा है। हम एक-दूसरे को करीब से जानते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। सूर्या ने माना कि उन्होंने केकेआर के दिनों में गंभीर से इस खेल की बारीकियां सीखी थीं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि मैंने रोहित (शर्मा) की कप्तानी में खेला है, लेकिन केकेआर में खेलते समय मैंने उनसे (गंभीर) खेल की कई बारीकियां सीखी हैं। वो सब कुछ झेल चुके हैं, इसलिए जानते हैं खिलाड़ी के दिमाग में क्या चल रहा है। कैसे टूर्नामेंट की तैयारी करनी है, खिलाड़ी को आगे कैसे बढ़ाना है और उसे कैसे डिफेंड करना है। सूर्या ने कहा जब भी मैं डगआउट की ओर देखता हूं और वो वहां होते हैं, तो उनके पास मेरे लिए कुछ न कुछ निर्देश होता है, क्योंकि बाहर से खेल बिल्कुल अलग दिखता है। मैदान पर मेरे दिमाग में बहुत सारी बातें रहती हैं, फील्ड प्लेसमेंट, किसे गेंदबाजी करनी है वगैरह। हर एक-दो ओवर में मैं उनकी ओर देखता हूं और वो जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे मान लेता हूं। यही हमारे बीच का भरोसा है। टीम ने हार्दिक पांड्या को फाइनल में मिस किया सूर्यकुमार ने बताया कि भारतीय टीम ने फाइनल में आलराउंडर हार्दिक पांड्या को मिस किया। फाइनल मैच में हार्दिक चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे

● **एशिया कप फाइनल हारने के एक दिन बाद पीसीबी का फैसला बोर्ड ने एनओसी संस्पेंड किए**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितम्बर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है कि पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले इस तरह के मूल्यांकन में कितना समय लगेगा। यह कदम पाकिस्तान की संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फाइनल में भारत से मिली कड़ी हार के एक दिन बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफी भी अक्टूबर में शुरू होने वाली है, जो अपनी मूल तिथि 22 सितम्बर से स्थगित कर दी गई है। एनओसी और किसी भी संभावित छूट या उनकी अवधि के बारे में विवरण अभी तक ज्ञात नहीं हैं। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाक खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले इस बीबीएल सीजन में खेलेंगे। 1 अक्टूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए भी 16 पाक खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।

# क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश चिंताजनक: किरमानी



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी ने कहा है कि आधुनिक क्रिकेट में राजनीति आ गयी है जो चिंता का विषय है। किरमानी ने कहा कि अशिष्ट व्यवहार, अहंकार और अनादर ने मैदान के सरल और नेक शिष्टाचार की जगह ले ली है। यह सिर्फ एशिया कप की बात नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुझे अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात से संदेश मिल रहे हैं, जिनमें पूछा जा रहा है: 'मैदान पर इतनी राजनीति क्यों हो रही है? विदेश में अपने दोस्तों से ऐसे शब्द सुनकर मुझे शर्म आती है। किरमानी ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट में राजनीति का कोई स्थान नहीं है। मैदान के बाहर जो कुछ भी होता है चाहे वह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा हो या कुछ और, उसे कभी भी मैदान पर नहीं लाना चाहिए। क्रिकेट राजनीतिक लाभ कमाने का मंच नहीं है। यह हर खिलाड़ी, हर टीम और हर क्रिकेट बोर्ड का दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समय में, क्रिकेट एक खेल से कहीं बढ़कर था। यह सम्मान और भाईचारे का प्रतीक था। पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आते थे। हम पाकिस्तान जाते थे।

# मल्होत्रा का तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय

● **मल्होत्रा ने आईओए का उस वक्त कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय कुमार मल्होत्रा को भारतीय तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय जाता है। कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ अनुभवी खेल प्रशासक मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। भारतीय खेल जगत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मल्होत्रा को 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। मल्होत्रा ने आईओए का उस कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन को कुछ हद तक साफ-सुथरा किया। मिलनसार स्वभाव के मल्होत्रा के अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे। वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की नई पौध तैयार की। आज भारतीय तीरंदाज विश्व स्तर पर अपनी जो छाप छोड़ रहे हैं उसका श्रेय मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं। मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

# कोच जमील ने भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया

● **भारत के उभरते फुटबॉल ढ़ांचे में कोच जमील की बढ़ती अहमियत उजागर हुई**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पांच खिलाड़ियों को, जिनमें केरल ब्लास्टर्स के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, सिंगापुर के खिलाफ आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर से बाहर कर दिया गया।

केरल ब्लास्टर्स के मोहम्मद ऐमेन और विबिन मोहनन, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के एमएस जितिन सहित, उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आज मुख्य कोच खालिद जमील ने घर भेज दिया। अन्य दो खिलाड़ी जिन्हें बाहर किया गया, वे थे अशीर अख्तर और मनवीर सिंह (जूनियर)। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जमील अगले महीने महत्वपूर्ण मैचों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे रहे हैं। त्रिचूर में जन्मे जितिन ने हाल ही में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

यह टूर्नामेंट जमील का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल था, जहां भारत ने ओमान पर एक रोमांचक शूटआउट जीत के बाद यादगार तीसरा स्थान हासिल किया। मिडफ़ील्ड में जितिन के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिससे भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में उनकी बढ़ती अहमियत उजागर हुई।

# सिनर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में



● **सिनर ने डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डी मिनौर को हराया**

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने मंगलवार को डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 11-0 का दबदबा कायम रखा, जबकि डी मिनौर ने पिछले 11 मुकाबलों में एकमात्र बढ़त 2023 पेरिस मास्टर्स में सिनर के मैच से पहले हटने के कारण हासिल की थी। सिनर ने पहला सेट 4-2 के स्कोर पर ब्रेक के साथ जीता और अगले गेम में दो ब्रेक पॉइंट बचाकर 6-3 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में डी मिनौर ने वापसी की, छठे गेम में कड़ी मेहनत की और बाद में ब्रेक लगाकर स्कोर 6-4 कर दिया। इस तरह इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ नौ मैचों से चली आ रही जीत का सिलसिला टूट गया। लेकिन दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में फिर से दबदबा बनाया और बेसलाइन पावर और नेट पर टच के मिश्रण से दो बार ब्रेक लगाकर 4-0 की बढ़त बना ली। डी मिनौर ने एक बार शटआउट से बचने के लिए अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन सिनर ने आखिरी सर्विस में दमदार खेल दिखाया।

## चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में गॉफ



**बीजिंग, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर मंगलवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की। 20 वर्षीय गत चैंपियन ने निर्णायक गेम में पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया, दो बार ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और फिर आत्मविश्वास से भरी सर्विस होल्ड के साथ मुकाबला जीत लिया।

# अनकैप्ड आसिफ अफरीदी, रोहेल नजीर व फैसल अकरम पाकिस्तान की टेस्ट में शामिल



**इस्लामाबाद, वार्ता।** अनकैप्ड खिलाड़ी आसिफ अफरीदी, फैसल अकरम और रोहेल नजीर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (30 सितम्बर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में घोषणा की। शान मसूद अपने 12 मैचों में से केवल तीन जीत के खराब कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद टेस्ट टीम की कमान संभालते रहेंगे।

**पाकिस्तानी टीम:** शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आसिफ अफरीदी, बाबर आजम, फैसल अकरम, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

मसूद के अलावा, अब्दुल्ला शफीक और इमाम-उल-हक शीर्ष तीन में हैं, जबकि मध्यक्रम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, कामरान गुलाम, टी-20 कप्तान सलमान अली आगा और सऊद शकील शामिल हैं। नजीर मेजबान टीम के लिए एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान ने पांच स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान, अबरार अहमद - के साथ-साथ बाएं हाथ के गेंदबाज अफरीदी और अकरम को भी टीम में शामिल किया है। इस कदम से संकेत मिलता है कि पिचें नीची और धीमी हो सकती हैं। तेज गेंदबाजी में आमिर जमाल, हसन अली, खुर्रम शहजाद और शाहीन शाह अफरीदी का चयन किया गया है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगे, जिसका पहला मैच लाहौर में खेला जाएगा जबकि रावलपिंडी 20 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 16वीं जीत दर्ज करना

**इंदौर, वार्ता।** लगातार पंद्रह हार का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की महिलाओं पर भारी पड़ रहा है क्योंकि वे कल यहां होलकर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिलाओं से भिड़ने के लिए तैयार हैं। व्हाइट फर्न्स की अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आखिरी वनडे जीत फरवरी 2017 में आई थी, और तब से ऑस्ट्रेलिया अडिग है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्व कप में शानदार फॉर्म और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है, जिसने भारत में 2-1 से सीरीज जीत ली है। उनका शीर्ष क्रम अपने आप में एक मिसाल है: एलिसा हीली कप्तान और विकेटकीपर के रूप में अपना दबदबा कायम रखती हैं, बेथ मूनी भारत के खिलाफ तीन पारियों में 233 रन बनाकर मजबूत स्थिति में हैं, एलिस पेरी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जबकि जॉर्जिया वोल और फोएबे लिचफील्ड युवा जोश से भरपूर हैं। एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा मध्यक्रम में ताकत प्रदान करती हैं, जिनमें किसी भी आक्रमण को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त गहराई है। गेंदबाजी में, मेगन शट्ट और किम गार्थ एक शक्तिशाली नई गेंद की जोड़ी बनाती हैं, जिसे अलाना किंग की लेग-स्पिन, वेयरहैम की विविधताओं और मैक्ग्रा की तेज गेंदबाजी का समर्थन प्राप्त है। गार्डनर एक और विकल्प जोड़ती हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के अनुरूप एक संतुलित शस्त्रागार मिलता है। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की महिलाओं को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराने के बाद शांत आशावाद के साथ उतरी है।

# शाकिब को दोबारा बांग्लादेश की जर्सी नहीं मिलेगी



**बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे**

**ढाका, वार्ता।** खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को शाकिब के जन्मदिन संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस मामले पर बीसीबी से बात करेंगे।

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अल हसन अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे। यह घोषणा इस क्रिकेटर द्वारा रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके जन्मदिन की बधाई देने के बाद की गई है। इसकी शुरुआत शाकिब द्वारा एक साधारण संदेश पोस्ट करने से हुई, जिस पर आसिफ ने जवाब दिया, हालांकि शाकिब का नाम नहीं लिया कि आप सभी ने एक व्यक्ति का पुनर्वास न करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं। लेकिन मैं सही था। अब बात यहीं खत्म। ढाका स्थित चैनल 24 से बात करने से पहले, आसिफ ने कहा कि वह बीसीबी को शाकिब को दोबारा न चुनने का निर्देश देंगे और इस बारे में और भी संदेश सार्वजनिक रूप से सामने आए। उन्होंने कहा कि शाकिब अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। आसिफ ने कहा कि हम उन्हें बांग्लादेश का झंडा नहीं उठाने देंगे। मेरे लिए उन्हें बांग्लादेश की जर्सी पहनने की इजाजत देना संभव नहीं होगा। हो सकता है कि मैंने बीसीबी को पहले यह न बताया हो, लेकिन अब बीसीबी के लिए मेरा स्पष्ट निर्देश यही है कि शाकिब अल हसन फिर कभी बांग्लादेश के लिए नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने जितनी बार देश में प्रवेश करने और बांग्लादेश के लिए खेलने के लिए कहा है, उन्होंने कहा है कि अवामी लीग ने उन्हें (2024 के आम चुनाव) के लिए जबरन नामांकन दिया था। उन्होंने दावा किया कि वह राजनीति में शामिल नहीं हैं। वह अपने क्षेत्र (मगुरा) के लोगों के लिए काम करने के लिए सांसद बनना चाहते थे। हालांकि, सच्चाई यह है कि वह अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। शाकिब ने दावा किया कि उन्होंने हसीना को शुभकामनाएं दी थीं क्योंकि वे एक-दूसरे को राजनीति में आने से पहले से जानते थे और इस पोस्ट का उद्देश्य किसी को भड़काना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह (हसीना) हमेशा से क्रिकेट को गंभीरता से लेती रही हैं हैं ना? वह क्रिकेट से गहराई से जुड़ी हुई थीं। राजनीति से पहले भी, क्रिकेट के जरिए ही हमारा रिश्ता था। मैं इसी नजरिए से उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कोई और मकसद नहीं था या किसी को भड़काने की कोशिश नहीं थी। शाकिब पिछले साल जनवरी से अगस्त तक अवामी लीग के सांसद थे, उसके बाद छात्रों के नेतृत्व वाली क्रांति में सरकार गिर गई थी। हसीना 5 अगस्त को भारत भाग गईं, जबकि शाकिब तब से अब तक घर नहीं लौटे हैं।

# न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से बाहर मैक्सवेल

● **मैक्सवेल नेट्स प्रैक्टिस के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे**

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आज नेट्स के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 36 वर्षीय मैक्सवेल मिशेल ओवेन को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी एक जोरदार ड्राइव उनके अग्रभाग पर लगी।

बाद में स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप को टीम में शामिल करना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट, जिन्होंने बगल के नेट से इस घटना को देखा, ने इस घटना को याद करते हुए कहा। शॉर्ट ने कहा कि मैंने अपनी आंख के कोने से इसे देखा। हम एक मार्की के नीचे प्रशिक्षण ले रहे थे, इसलिए यह बहुत गूंजदार और तेज था। मैंने ओवेन को इसे धुआं देते देखा और फिर उसके बाद जो हुआ-यह मैक्सी की कलाई पर लगा। यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि मैक्सवेल, जिन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताएं मिली हैं, स्पष्ट रूप से निराश दिख रहे थे। ओवेन वह खिलाड़ी नहीं है जिसे आप टी-20 ट्रेनिंग में गेंदबाजी करना चाहेंगे, यह तो तय है। मैक्सी पहले भी कई बार इस स्थिति से गुजर चुके हैं। वह थोड़े निराश जरूर थे, लेकिन यह किसी भी अन्य चोट की तरह ही है। मुझे यकीन है कि वह इससे उबर जाएंगे। मैक्सवेल की दुर्भाग्यपूर्ण चोटों की श्रृंखला में यह ताजा चोट और जुड़ गई है। 2022 में, एक जन्मदिन की पार्टी में एक अजीबोगरीब दुर्घटना में उनका पैर टूट गया था, जब एक दोस्त उन पर गिर गया था। इस चोट के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ी थी और अभी भी उसका इलाज चल रहा है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के दौरान, गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद उन्हें कन्कशन भी हुआ था। ऑस्ट्रेलिया 2026 के टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए न्यूज़ीलैंड सीरीज का इस्तेमाल कर रहा है, ऐसे में मैक्सवेल को अब 29 अक्टूबर से कैनबरा में भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए समय के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी अनुपस्थिति से अनुभवी मार्कस स्टोइनिस, जिन्होंने आखिरी बार नवंबर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे।

# ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ऑनलाइन ठगी के मामले में पांचवें आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ट्रेडिंग के नाम पर लोगों के साथ करोड़ों रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने वाले गैंग के पांचवें आरोपी को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने प्रेस वार्ता कर साइबर ठगी की घटना का खुलासा किया है। बता दे कि महानगर के गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित के द्वारा साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ट्रेडिंग के नाम पर व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर आईडी पासवर्ड बनवाकर साइबर धोखाधड़ी कर उनके साथ एक करोड़ 64 लाख 96 हजार 474 की साइबर ठगी की गई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी थी और साइबर ठगी की इस घटना को अंजाम देने वाले गैंग के पांचवें आरोपी उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जसपुर के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले आकिब जावेद पुत्र मोहम्मद शकील को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जबकि इस मामले में चार आरोपी नाजिम अली, खिलाफत, अमन एवं अदनान को साइबर क्राइम थाना पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। जबकि अब पांचवें आरोपी आकिब जावेद को को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी आकिब जावेद ने पुलिस को बताया कि जसपुर में उसके घर के पास ही रहने वाला अदनान उसे मिला जो कि दुबई भी आता जाता रहता है उसको मैंने कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का लालच दिया। जिस पर मेरे द्वारा ही जीएसटी रजिस्ट्रेशन, एमएसएमई रजिस्ट्रेशन करवाकर आधार में मोबाइल नम्बर चौन्ज करवाया गया एवं अमन के करन्ट खाता बैंक ऑफ बडौदा नादेही जसपुर ब्रान्च में खाता खुलवाया जिसमें अदनान एवं अमन दोनों ब्रान्च में गये थे, इसके पश्चात जुलाई माह मे कार से हम तीनो अमन एवं अदनान बरेली होते हुए लखीमपुर-खीरी पलिया गये। पलिया से हम लोग गौरी फेन्टा होते हुए नेपाल गये जहाँ पर एक होटल में रुके वहीं पर अमन ट्रेडर्स का एकाउन्ट का ओपरेट किया गया



# दुर्गा अष्टमी पर 108 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर परंपरागत रूप से इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को बाजारगंज स्थित बालाजी दरबार से 108 कलश के साथ माता वैष्णो देवी की पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। धार्मिक नारों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बालाजी दरबार में माता दुर्गा के समक्ष विधिविधान से यज्ञ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद देवियों को भोज कराने के उपरांत 108 कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद वैष्णो देवी की पालकी उठाकर किया। पालकी के साथ महंत मनीष शर्मा और अन्य श्रद्धालु माता की जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करते चले। शोभायात्रा में सबसे आगे दुर्गा के नौ स्वरूप दर्शाती झांकियां रहीं। इनके पीछे पीले वस्त्रों में महिलाएं नंगे पांव सिर पर कलश धारण कर माता के भजनों के गुणगान करती चल रही थीं।

शोभायात्रा में शिव-पार्वती, हनुमान, राधा-कृष्ण, भारत माता, राम-सीता समेत दर्जनों आकर्षक झांकियां और बैंड-बाजे श्रद्धालुओं का ध्यान खींचते रहे। शोभायात्रा के दौरान नगर की महिलाएं पालकी पर पुष्पवर्षा करतीं और माता की जयकारे लगाती रहीं। यात्रा बालाजी दरबार से शुरू होकर नगर के निर्धारित मार्गों से होती हुई पुनः बालाजी दरबार पहुंची, जहां माता की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। वही कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल के नेतृत्व में शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान नगर के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। इस मौके पर शोभायात्रा की संयोजक मनीषा शर्मा, मोहित शर्मा, विपिन जिंदल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संजीव सिंगल, अभिषेक ओझा, शक्ति शर्मा, सतीश रोहिला, राहुल कुमार, संजीव चौहान, अनुराग सिंगल, मोहित सिंहल, पवन पुष्पद, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# महागौरी की पूजा की और कन्याओं व वरूओं को जिमाकर लिया सुख समृद्धि का आशीर्वाद

**ठाकुरद्वारा।** नवरात्र में दुर्गा अष्टमी पर भक्तों ने मां महागौरी की पूजा की और सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कन्याओं को जिमाया गया और माता रानी को प्रसन्न करने के लिए भजन कीर्तन किए गए। मां के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

मंगलवार को नवरात्र में दुर्गा अष्टमी पर भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कन्याओं को जिमाया। मंदिरों और घरों पर माता रानी को प्रसन्न करने के लिए भजन कीर्तन किए गए। शनिवार को चौत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की और आशीर्वाद लिया। भक्तों ने घरों पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना के साथ कन्याओं को जिमाया और उनके पैर छूकर अपने अनुष्ठान का परायण किया। भोर से ही नगर व देहात क्षेत्र में मंदिरों पर माता की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। शाम को मंदिरों और घरों पर मां महागौरी को प्रसन्न करने के लिए महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। मंदिरों पर मां दुर्गा की विशेष आरती की गई। मंदिरों में सुबह से शाम तक घंटे घडियाल बजते रहे, जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

# दुर्गा अष्टमी पर घरों में कन्या भोज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी के दिन शहर के अनेक घरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया। घरों में परिवार की महिलाएं और कन्याओं का सम्मान करते हुए उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर घरों में विशेष पकवान, मिठाइयां और पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कन्या भोज का आयोजन केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कन्याओं के सम्मान और नारी सशक्तिकरण का संदेश भी देता है। कई परिवारों ने घर की कन्याओं के साथ-साथ पड़ोस और समाज की कन्याओं को भी आमंत्रित किया।घरों में कन्या भोज आयोजित करने से बच्चों में भी देवी भक्ति और संस्कारों के प्रति रुचि बढ़ती है। आयोजकों ने इस परंपरा को जारी रखने और इसे आने वाले वर्षों में और अधिक भव्य रूप देने का संकल्प लिया।



# रिजर्व पुलिस लाइंस में दंगा नियंत्रण और आधुनिक हथियारों का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद सतपाल अंतिल के निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु जनपद मे चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंग. वार के कुशल पर्यवेक्षण मे आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउण्ड मे जनपद के सिविल लाइन सर्किल के थाना सिविल लाइन, थाना मझोला, महिला थाना एवं सर्किल कटघर के थाना कटघर, गलशहीद एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय सिविल लाइन व कटघर पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को जनपद मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं किसी भी अपरिहार्य स्थिति से निपटने हेतु दंगा नियंत्रण ड्रिल एवं आधुनिक हथियारों की जानकारी एवं हैण्डलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों को पहनना एवं नियमानुसार प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया।

एन्टी राइट गन से प्लास्टिक पैलेट, टीजी गन से रबर बुलेट एवं अश्रु गैस सैल की फाइरिंग कराकर अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियो को प्रशिक्षण के बाद बारी-बारी से अभ्यास कराया गया। जिसमे सभी पुलिस कर्मियों द्वारा सफलता पूर्वक दंगा नियंत्रण एवं आधुनिक हथियारों का अभ्यास पूर्ण किया गया। इसी क्रम मे जनपद के अन्य समस्त पुलिस कर्मियों को रोस्टर के अनुसार 1 अक्टूबर को सर्किल बिलारी के थानों, पेशी कार्यालयों पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को अभ्यास-प्रशिक्षण कराया जायेगा। ताकि जनपद मे किसी भी समय शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर परिस्थितियों से कुशलता पूर्वक निपटा जा सके एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।



# किसानों की समस्याओं पर जताई नाराजगी मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन (संभल) ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेजकर नाराजगी जताई है। संगठन ने बताया कि कासमपुर विकासखंड पवांसा के किसानों की समस्याओं का समाधान अब तक नहीं हुआ है, किसानों के क्रेडिट कार्ड बिना सुविधा शुल्क के नहीं बन रहे, खाद की पर्याप्त उपलब्धता न होने से कालाबाजारी हो रही है तथा किसानों से 7 प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है जबकि किसान क्रेडिट कार्ड पर 4 प्रतिशत ब्याज की घोषणा की गई थी। 26 अगस्त 2025 को हुई बैठक में समाधान का आश्वासन मिला था।

परंतु एक माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से 29 सितम्बर से आंदोलन प्रारंभ किया गया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा और इसे बड़े आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी (ईओ) रजनी सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान की जानक. ारी दी। पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चल रहा यह अभियान नगर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सफाई कर्मियों को सम्मानपूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था इन्हीं के मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने शिविर में मौजूद सफाई मित्रों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों के लिए दस्ताने, मास्क, हेलमेट और अन्य सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जा रही है।

साथ ही, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच भी कराई जाएगी ताकि वे सुरक्षित और स्वस्थ रहकर अपनी सेवाएं दे सकें।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पालिका प्रशासन ने बताया कि अभियान की अवधि में नगर के प्रमुख स्थानों, बाजारों और गलियों में सफाई अभियान, कचरा निस्तारण और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने नगरवासियों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

# दूध, पनीर व मावे के 57 नमूनों में चार फेल कांठ में होगी खाद्य पदार्थों की जल्द सेंपलिंग

**कांठ।** शासन के निर्देश पर त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग नमूने ले रहा है। दलपतपुर रोड पर मावा, दो दूध, दो दूध के प्रीमियम एग्री फूड, दूध का नमूना रामगंगा पुल, व रामपुर रोड पर लिया गया। मावे का एक नमूना लिया गया। कुल छः नमूने लिए गए। वहीं कंपनी बाग पर मावा कारोबारियों के 23 नमूनों की जांच की गई। इसमें मिलावट की पुष्टि नहीं हुई। पनीर, मावा की जांच के घरेलू फार्मूले बताए गए। पनीर और मावा में स्टार्च की जांच की जानकारी दी गई। बताया गया कि थोड़ा मावा लें और उसमें आयोडीन टिंचर जो मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध है खरीद कर थोड़े से 6-7 बूंद मिलाने पर यदि पनीर का रंग काला हो जाए तो इससे मिलावट की पुष्टि होती है। इसी क्रम में सराय खजूर में तहसील स्थित 34 नमूनों की जांच की गई। जिसमें चार नमूने फेल हुए। दो दिन में 57 नमूनों की जांच की गई। सहायक आयुक्त खाद्य राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मिलावट की जांच का सिलसिला जारी रहेगा। विभिन्न स्थानों पर जांच की जा रही है।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीम शीघ्र ही नगर एवं तहसील क्षेत्र में आकर नमूने लेगी स यहां अनेक स्थानों पर सिंथेटिक दूध और नकली पनीर का कारोबार चल रहा है।

# उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की टीम ने घर घर जाकर सेनेटरी नैपकिन का किया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुरादाबाद मंडल की अध्यक्षा सुमन के नेतृत्व में संगठन की टीम ने सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल को आगे बढ़ाते हुए शहर के हैलेट रोड स्थित बस्ती में प्रोजेक्ट ष्दस्तकष के अंतर्गत घर-घर जाकर महिलाओं और किशो. रियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। इस दौरान टीम ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता भी दी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के उपाय बताए।संगठन की अध्यक्षा सुमन ने बताया कि प्रोजेक्ट ष्दस्तकष का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों तक स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी गरीब बस्तियों में आज भी मासिक धर्म के समय स्वच्छता के प्रति जागरूकता की कमी है, जिसके चलते कई गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। इस पहल से महिलाओं में न केवल जागरूकता आएगी बल्कि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने में भी मदद मिलेगी।टीम की सदस्याओं ने घर-घर जाकर महिलाओं से संवाद किया और उन्हें बताया कि कैसे सेनेटरी नैपकिन का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए तथा उपयोग के बाद उसे सुरक्षित तरीके से निस्तारित करना चाहिए। महिलाओं ने इस पहल का स्वागत किया और संगठन की टीम का आभार जताया।



कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षा सुमन ने यह भी कहा कि महिला कल्याण संगठन भविष्य में भी इस तरह की गति. विधियों को निरंतर चलाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें। उन्होंने समाज से भी अपील की कि महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।

# आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाओ कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक बीएस इंटर कॉलेज, रामू वाला गणेश में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मुरादाबाद के मंत्री भानु प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर "आत्मनिर्भर भारत दृ स्वदेशी अपनाओ" कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संदेश देंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से लगन और निष्ठा के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के लिए नगर मंडल महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति को संयोजक, प्रदीप कुमार पाल को सह-संयोजक तथा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान को सह-संयोजक नियुक्त किया गया बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, जितेंद्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, गुलाम साबिर, इकराम कुरैशी, भारत सिंह, नागेंद्र लांबा, धर्मेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, सुधीर नायक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाला पथ संचलन, जगह-जगह पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में आरएसएस के स्वयं सेवको ने नगर के निर्धारित मार्गो पर पथ संचलन किया । इस दौरान लोगों ने अक्षत चंदन से तिलक कर स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

मंगलवार को रमनावाला रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर पर आरएस के स्वयं सेवक विद्यालय परिसर में एकत्र हुए । ध्वज शिष्टाचार के बाद बाध्य यंत्रों की धुन पर शंखनाद करके नगर के मुख्य मार्ग पर पूर्व वर्षो की भांति पथ संचलन किया गया । पथ संचलन के आगे और पीछे वाद्य यंत्रों की धुन के साथ गणवेश धारी स्वयंसेवक कतार वध तरीके से कदमताल के साथ गणेश धारण कर भारत माता की जय का उद्घोष करतेहुए आगे बढ़ रहे थे । इस दौरान स्वयंसेवकों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । पथ सचलन होलीका मंदिर से खारी कुआं, बड़ा बाजार, खाकेश्वर मंदिर, श्री राम दुर्गा मंदिर, कोतवाली रोड, बुध बाजार, से होता हुआ बाजार गंज,मोहल्ला बंजारन, बाल्मीकि बस्ती जाटवान, काशीपुर चुंगी, से रामलीला मैदान रोड, मोहल्ला जमुना वाला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे । वहां पर वक्ताओं ने पथ संचलन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहां की भारतीय संस्कृति में विविधता में एकता का संदेश निहित है । एकता के सूत्र में बंध कर देश हित में कार्य करने का आवाहन किया । स्वयंसेवक हमारे संगठन की रीढ है। पथ संचलन में जिला विभाग प्रचारक प्रिंस तहसील प्रचारक शिवांशु जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल कुमार पूर्व प्रचारक पंकज व्यवस्थापक प्रचारक मुदीत अग्रवाल शहर प्रचारक सुनील कुमार पुठिया, ब्लाक प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी, पवन पुष्पद, विपिन पुष्पद , उत्कर्ष चौहान , अमित पुष्पद, अशोक राणा, आशु गुप्ता, साजन शर्मा ,धर्मेंद्र पाल , , मुदित अग्रवाल , दिलजीत सिंह, दीपक सुनील मिश्रा, मुकुल आदि मौजूद रहे।



# दलपतपुर बिजली लाइन का विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मंगलवार को दलपत पुर बिजली घर पर आरडी एसएस योजना के तहत वीवीआईपी लिमिटेड कंपनी द्वारा नया बाईपास से होते हुए रामपुर दोराहे तक 12 किमी लंबी 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन परियोजना के कार्य का शुभारम्भ कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया, इस अवसर पर कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि विद्युत लाइन परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को निर्बाध बिजली मिलेगी। क्षेत्र के विकास में इस परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।आशा करता हूं कि वीवीआईपी लिमिटेड कंपनी द्वारा इस परियोजना समय से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर जीएम अरुण शेखावत, रविन्द्र यादव, भानु प्रकाश यादव, विजयपाल, जय सिंह, मुकेंद्र सिंह, राजपाल सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।





## सम्पादकीय

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

# गाजा पर गंभीर प्रस्ताव

देर से ही सही गाजा में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 20 प्वाइंट का एक प्लान सामने आया है। जिस तरह उनके इस नए प्रस्ताव को विश्व स्तर पर सहमति मिल रही है, उससे यह भी आशा बनती है कि जल्द ही इजरायल व हमास के बीच सीजफायर हो जाएगा। अभी इस पर अंतिम मोहर लगना बाकी है, क्योंकि हमास ने कहा कि अभी तक उसको यह प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव के बाद ही वह विचार करेगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को यह कहकर धमकी दी है कि अगर वह इस प्लान को नहीं मानता, तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह प्लान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को वाशिंगटन डीसी में हुई बातचीत के बाद आया है। इससे साफ है कि उनके इस प्लान से नेतन्याहू भी पूरी तरह सहमत हैं। इस प्रस्ताव में तुरंत युद्ध रोकना, गाजा से इजरायल का हटना, बंधकों का छोड़ना, कैदियों की रिहाई, गाजा में अबाध रूप से रसद का पहुंचना शामिल है। प्रस्ताव में एक शांति बोर्ड बनाने की बात भी कही गई है जिसके अध्यक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति खुद होंगे। इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के साथ-साथ अन्य देशों के नेता भी होंगे। जाहिर है प्रस्ताव बताता है कि यह फलस्तीन देश के बनने में एक बड़ा कदम है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्रस्ताव का जहां समर्थन किया है, वहीं आठ अरब इस्लामी देशों ने भी इसका स्वागत किया है। जिसमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि क्षेत्र में शांति के लिए अमेरिका से साझेदारी जरूरी है। इन आठ राष्ट्रों ने एक संयुक्त बयान के माध्यम से इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। यूरोप के देशों में ब्रिटेन, फ्रांस पूरी तरह इस प्रस्ताव का समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए अब हमास पर भी दबाव होगा। इस पूरे प्रस्ताव में जहां रुकावट आ सकती है, उसका सबसे बड़ा पेंच यह है कि इसमें हमास से हथियार छोड़ने की बात कही गई है। साथ ही वह किसी सरकार में भी शामिल नहीं होगा। इस तरह की शर्त मानना हमास के लिए भी आसान नहीं होगा, क्योंकि देखने में भी आ रहा है कि हमास को पूरी तरह नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि गाजा में उनके पास भारी जनसमर्थन है और वे वहां सरकार भी चलाते रहे हैं, लेकिन ये सब बातें बाद की हैं, इस समय जो सबसे बड़ी जरूरत है वहां तुरंत सीजफायर लागू होने की है, क्योंकि अब तक हुए युद्ध में जहां गाजा पूरी तरह बर्बाद हो गया है, वहीं 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें आधे से अधिक संख्या महिलाओं व बच्चों की है। इजरायल की नाकाबंदी के चलते वहां रसद नहीं पहुंच पा रही है। खाने पीने के मामले में अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है, लोगों के भूख से मरने की खबर भी आ रही है। दवाइयों का पूरी तरह अभाव है। मतलब साफ है कि सारा ढांचा वहां चरमरा गया है। जरूरत वहां शांति सैनिकों को भेजने की भी है, जिसके बारे में प्रस्ताव में कहा गया है।

## कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा



26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद मेरे मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया, पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था, पूरी दुनिया का दबाव था, हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा, कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी, मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

**-पी. चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री**

# भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा



भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका लंबे समय से बहस का विषय रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हमने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली तक अनगिनत महिलाओं को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में देखा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह परंपरा लगातार जारी रही। आजादी के बाद से के कई राज्यों मे महिला मुख्यमंत्री रहीं, इंदिरा गांधी के रूप में देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली और बाद के दशकों में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज जैसी नेता राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकीं। आज भी कांग्रेस प्रियंका गांधी को राहुल गांधी के साथ बराबरी से आगे करती है और चुनावी अभियानों में उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रस्तुत करती है। कांग्रेस की आलोचनाएं भले हों, लेकिन उसके विचार और नीति में कभी यह स्पष्ट नहीं रहा कि महिलाओं की भूमिका को राजनीति में सीमित रखा जाए या उन्हें पीछे धकेला जाए।

इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अपनी वैचारिक धारा में महिलाओं को सीमित भूमिकाओं तक ही बांधने की नीति रखते हैं। संघ के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर की पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में महिलाओं की भूमिका को लेकर जो दृष्टिकोण सामने आता है, वह यही है कि महिला मुख्यत: परिवार की धुरी है। उसकी जिम्मेदारी घर, बच्चों के पालन-पोषण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तक सीमित है। इस विचारधारा में राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता को महत्व नहीं दिया गया। यही कारण है कि संघ की संरचना में आज तक कोई महिला प्रमुख पद पर नहीं रही। दिखावे के लिए महिला शाखा या प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर नगण्य है। भाजपा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है। हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पास करके उसने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। लेकिन इसमें भी उसने लागू करने की तारीख 2030 के बाद के लिए डाल दी। यदि नियत साफ होती तो इस आरक्षण को तुरंत लागू किया जा सकता था। असल में यह केवल वोट बैंक को लुभाने की रणनीति है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए योजनाओं की झड़ी लगाई जाती है स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, जनधन खातों का प्रचार, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण आदि। इन योजनाओं से लाभ जरूर मिलता है लेकिन राजनीति और सत्ता में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी अब तक नहीं बढ़ी। भाजपा शासित किसी भी राज्य में आज एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। केंद्र सरकार में भी गिनती की महिलाएं मंत्री हैं और उनमें से भी केवल एकाध को ही कैबिनेट स्तर की जिम्मेदारी मिली है।

यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण भी सामने है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद उन्हें प्रमुख धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों से दूर रखा जाता है। अयोध्या राममंदिर के उद्घाटन में वे उपस्थित नहीं थीं, मथुरा की यात्रा में भी उनका स्वागत औपचारिकता तक सीमित रहा। यह दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक सम्मान देती है, वास्तविक निर्णयकारी भूमिका से दूर रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसने महिलाओं को बराबरी का अवसर देने की कोशिश की। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, पार्टी का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में रहा है। प्रियंका गांधी आज भी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। राज्यों में भी कांग्रेस ने महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में अवसर दिया है। यह सही है कि कांग्रेस ने कोई ठोस दीर्घकालिक महिला नीति नहीं बनाई, लेकिन उसकी बुनियादी सोच में महिलाओं को राजनीति से अलग रखने का भाव कभी नहीं रहा। यही फर्क है जो भाजपा और कांग्रेस की नीतियों में साफ नजर आता है। भाजपा की राजनीति में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता के रूप में मौजूद हैं। पार्टी के आयोजन, चुनाव प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दिखाई देती है, लेकिन जब बात नेतृत्व की आती है तो पंक्ति के सबसे पीछे उन्हें खड़ा कर दिया जाता है। गोलवलकर की नीति का यही असर है कि भाजपा महिलाओं को केवल सांस्कृतिक संरक्षण और घरेलू दायरे में देखने की प्रवृत्ति को अब भी कायम रखे हुए है। असलियत यह है कि महिला सशक्तिकरण का जो एजेंडा भाजपा ने अपनाया है, वह केवल दिखावे का अधिक और वास्तविकता का कम है। योजनाएं, घोषणाएं और प्रतीकात्मक सम्मान एक ओर हैं, लेकिन निर्णय और सत्ता में भागीदारी दूसरी ओर है। आजादी के बाद से अब तक महिलाओं की स्थिति में जो सुधार आया है, वह उनकी अपनी संघर्षशीलता और समाज की प्रगतिशील धारा का परिणाम है, भाजपा की वैचारिक सोच का नहीं। इसलिए जरूरी है कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, महिलाओं को नेतृत्व में अवसर दिया जाए और केवल वोट बैंक की राजनीति से उन्हें भ्रमित न किया जाए। कांग्रेस की परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत हमें यह सिखाती है कि जब महिलाएं राजनीति और समाज में बराबरी से आगे आती हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा को भी यदि वास्तव में महिला सशक्तिकरण की चिंता है तो उसे अपनी वैचारिक सीमाओं को तोड़कर महिलाओं को वास्तविक शक्ति और सम्मान देना होगा। अन्यथा उसका एजेंडा महज दिखावा ही कहलाएगा।

**-आरती चौधरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था।



**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन रू हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं।

शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# फेस्टिव सीजन में ऐसे करें स्किन केयर, मिलेगा नेचुरल ग्लो



**शहनाज हुसैन**

आजकल फेस्टिवल सीजन की धूम है ध्यह पर्व पुरे साल में बेहद कल्याणकारी और उत्साह से भरा रहता है। इस दौरान लड़कियां खास तौर पर तैयार होकर मां दुर्गा की पूजा। अर्चना करती हैं इसके अतिरिक्त महिलाएं घर की खरीदारी और त्यौहार की तैयारियों में काफी ऊर्जा लगाती हैं जिससे उनका चेहरा थका और बुझा सा दीखता है। अगर आप भी उनमें से हैं तो घबराने की कतई जरूरत नहीं बल्कि कुछ स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें और आपके चेहरे पर आभा और निखार बना रहेगा ६

**हेल्दी डाइट लें**

जो आप खाते हैं वही आपकी स्किन पर नजर आता है। संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित वॉक और पर्याप्त नींद के साथ आप बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकते हैं। दिन की शुरुआत एक ग्लास गुनगुने पानी और नींबू से करें और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखें। त्योहारों में हेल्दी रहने का सबसे पहला फॉर्मूला है खाने।पीने की थोड़ी प्लानिंग करके चलें। अगर आप उपवास कर रही हैं, तो दूध, सूखे मेवे, खजूर और मौसमी फल अपनी डाइट में शामिल करें। वहीं अगर व्रत नहीं कर रही हैंए तो तली।भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों से दूरी बनाकर रखें। मीठा भी कम खाएं, क्योंकि इससे त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं। इस दौरान सोशल लाइफ काफी एक्टिव रहती है और आपको अनेक सामाजिक समरोहों ६ डिनर पार्टियों में जाना पड़ सकता है। ऐसे में स्वस्थ विकल्प पूछने से न डरें। अक्सर वहां बहुत सारे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज उपलब्ध होते हैं। इस दौरान भोजन कतई न छोड़ें क्योंकि इससे बाद में ज्यादा खाने की प्रवृत्ति हो सकती है। इसके बजाय पूरे दिन नियमित भोजन और नाश्ता करें। जब खाना भरपूर और स्वादिष्ट हो तो ज्यादा खाना आसान है। अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें और छोटे निवाले लें। नाश्ते में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल हो। दोपहर की थाली में साबुत अनाज, फल और सब्जियों को शामिल करें। रागी का सूप, वेजिटेबल सूप, मूंग दाल का सूप, खिचड़ी और वेजिटेबल दलिया डिनर का बेहतर विकल्प हो सकते हैं जो दिन के गरिष्ठ खाने के बाद रात के वक्त पेट की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। रात का डिनर लाइट करें। शाम को अगर पकवान ज्यादा खा लिए हैंए तो डिनर स्किप भी कर सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

त्योहारों में व्यस्तता के कारण लोग वॉक या एक्सरसाइज छोड़ देते हैं, जिससे कैलोरी बर्न नहीं हो पाती इस दौरान नियमित रूप से डांसिंग, ब्रिस्क वॉकिंग या आउटडोर खेल आदि गतिविधिओं में कम से कम 30 मिनट का समय दें। रात देर तक जागने और सुबह जल्दी उठने से शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाती हैए जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता हैण् कोशिश करें कि त्योहारों में भी कम से कम 7।8 घंटे की नींद लें। साइकिल चलाना, सीढ़ियां चढ़ना, और रोजाना पैदल चलना भी जरूरी है। सोने से पहले तनाव से बचने के लिए स्क्रीन्स टाइम को कम करें और पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त नींद जरूर पूरी करें और कम से कम तनाव लेने का प्रयार करें। वहीं समय- समय पर अपनी दवाएं लेना न भूलें।

**नारियल का पानी**

नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उर्जाबान और एक्टिव महसूस करते हैं यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है।

नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। ए शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। त्योहारों के दौरान आउटडोर एक्टिविटीज शॉपिंग, घर की साज सजा से हुई थकावट में नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को हाइड्रेटेड और उर्जाबान रखने में मदद करते हैं।

**फ्लेवर्ड पानी**

त्योहारों में डी हाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों बदलते मौसम की बजह से सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता जिसकी बजह से बह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी- आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको उम्दा स्वाद भी देगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल, जड़ी बूटियों, सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे हम दिन भर उर्जाबान रहते हैं। फ्लेवर्ड पानी के कारण हम कार्बोनेटेड ड्रिंक्स सोडा आदि के सेवन से बचे रहते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता है६ लेकिन फ्लेवर्ड वॉटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वॉटर है और उसमें जरूरत से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर बनाने के लिए मटके या सुराही में ठण्डा पानी भरें ६ इसमें पतली कटी हुई फल, हर्ब्स या मसालों की स्लाइस डालें ६इसे कुछ घण्टे या रात्रि भर रेफ्रीजिरेटर में ठण्डा होने दें ६अब आपका फ्लेवर वाटर तैयार हो गया है।

**आइस्ड हर्बल चाय**

त्योहारों में बार बार गरमा-गरम चाय कॉफी और एरेटेड ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए नुकसान दायक सावित हो सकता है। ऐसे में आप एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हर्बल चाय ट्राई कर सकते हैं जोकि सेहत और स्वाद दोनों तरफ से बेहतर सावित होगी हर्बल चाय, खासकर मिंट और ग्रीन टी इस दौरान बहुत फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट करती हैए बल्कि शांति और ताजगी भी देती है६ हर्बल चाय में शहद या कम चीनी का उपयोग करें ताकि यह ज्यादा हेल्दी रहे। हर्बल चाय के साथ साथ आप आइस्ड टी भी उपयोग कर सकते हैं जोकि आपको तरोताजा रखेगी। आइस्ड टी में हर्बल चाय के अतिरिकत कुछ कूलिंग और रिफ्रेशिंग चीजों को भी शामिल किया जाता है। दिन में एक हर्बल आइस टी के सेवन से उच्च रक्तचत, शुगर और तनाव को नियन्त्रित करने में मदद मिलती है। हर्बल आइस टी तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, पुदीना, लौंग, काली मिर्च आदि से बनती है ६ आप कैमोमाइल, पेपरमिंट, या हिबिस्कस की आइस टी बनाकर भी पी सकते हैं।

# इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार

## ट्रम्प ने 20 पाइंट का प्लान बनाया, नेतन्याहू से कहा: हमास नहीं माने, तो उसे खत्म कर दो

**हमास ने हथियार डालने से इन्कार किया, कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला**





**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। नेतन्याहू ने सोमवार (29 सितम्बर) रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

ट्रम्प ने सीजफायर के लिए 20 पाइंट का एक प्लान तैयार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन होगा।

हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यह काम आसान या मुश्किल तरीके से होगा, लेकिन इसे पूरा जरूर किया जाएगा। अगर हमास इस प्लान को नहीं मानेगा तो इजरायल खुद यह काम पूरा करेगा। इधर, हमास ने हथियार डालने से इन्कार कर दिया। कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। वहीं, फलस्तीनी सरकार ने ट्रम्प के प्लान का स्वागत किया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रम्प करेंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी होंगे।

### सीजफायर के लिए 20 पाइंट

**1. तुरंत युद्ध रोकना:**

इजरायल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा।

**2. इजरायल पीछे हटेगा:**

सहमति से इजरायल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा।

**3. बंधकों को छोड़ना:**

हमास 72 घंटे में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे।

**4. कैदियों की रिहाई:**

युद्ध खत्म होने पर इजरायल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा।

**5. शवों का आदान-प्रदान:**

हर मृत इजरायली कैदी के बदले 15 मृत फलस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे।

**6. गाजा को आतंक मुक्त बनाना:**

गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे।

**7. हमास प्रशासन में शामिल नहीं:**

हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे।

**8. अंतरिम प्रशासन समिति:**

गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे।

**9. शांति बोर्ड बनेगा:**

इस बोर्ड की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे।

**10. पुनर्निर्माण योजना:**

बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा।

**11. मानव सहायता:**

गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी।

**12. विशेष व्यापार क्षेत्र:**

गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**13. लोगों की आजादी:**

किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है।

**14. सुरक्षा के लिए फोर्सेस:**

एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

**15. पुलिस की ट्रेनिंग:**

सुरक्षा बल गाजा पुलिस को ट्रेनिंग देंगे और मदद करेंगे।

**16. सीमा सुरक्षा:**

इजरायल और मिस्र की सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत होगी।

**हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा**

**17. लड़ाई बंद:**

युद्ध खत्म होने तक हवाई हमले और गोलाबारी रोकी जाएगी।

**18. मानवाधिकार सुनिश्चित:**

अंतर्राष्ट्रीय संगठन गाजा में मदद और सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

**19. शांति बातचीत:**

इजरायल और फलस्तीन के बीच शांति के लिए बातचीत शुरू होगी।

**20. भविष्य की योजना:**

इस योजना का मकसद गाजा में स्थाई शांति, विकास और बेहतर जीवन लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दोनों नेता बिना मीडिया के सवाल लिए चले गए। ट्रम्प और नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर्स के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि अभी दस्तावेज साइन होने और सब कुछ तय होने तक सवाल लेना ठीक नहीं है। ट्रम्प ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वे कुछ इजरायली पत्रकारों के सवाल लेना चाहेंगे, इस पर नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपके फैसले पर भरोसा करूंगा। इसके बाद रिपोर्टर्स सवाल पूछने लगे, लेकिन दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और वहां से चले गए। ट्रम्प ने बताया कि इस प्लान के बनने के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर उनके साथ संपर्क में थे।

## ट्रम्प की गाजा शांति योजना का 8 अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**दुबई।** आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया।

यह योजना ट्रम्प और इस्रा. इली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जार्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमे. रिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रम्पकी उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अमेरिका में गवर्नमेंट शटडाउन का खतरा

**विपक्ष नहीं माना, तो कल रात से ठप होगा सारा काम, जबरन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं 9 लाख कर्मचारी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार रात फंडिंग बिल पर वोटिंग होनी है। अगर बुधवार रात 12 बजे तक ये बिल पास नहीं हुआ तो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में पहली बार सरकारी फंडिंग रुक जाएगी। इसे 'गवर्नमेंट शटडाउन' कहते हैं।

दरअसल अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई है। इससे सरकारी काम-काज के ठप होने और 9 लाख कर्मचारियों को जबरन छुट्टी पर भेजने का खतरा बढ़ गया है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई, तो सरकार खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत होगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रो. कने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है।

## मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया है संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे।

मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि हम राष्ट्रपति डोनाल्ड द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फलस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थाई शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्त करने की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उसके तहत गाजा से संचा. लित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फलस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है।

## H-1B वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका

**भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी (एच-1बी) वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100000 अमेरिकी डालर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा।

लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया। लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लाटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लाटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लाटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लाटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमे. रिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए। लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है।

## पाक के क्वेटा में बम ब्लॉस्ट, 10 की मौत

### राष्ट्रपति जरदारी का आरोप: बलॉस्ट के पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लॉस्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डान के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुता. बिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कालेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल हैं। सभी डाक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। 2001 में अमे. रिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरा. ेध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में इंटरनेट सर्विस बंद की

**अनैतिकता रोकने के लिए फैसला लिया**

**काबुल।** तालिबान ने सोमवार से पूरे अफगान में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दी हैं।

न्यूज वेबसाइट काबुलना के मुताबिक, काबुल, हेरात, मजार-ए-शरीफ और उरुजगान सहित कई शहरों में फाइबर-आप्टिक इंटरनेट सर्विस ठप हो गई। इसके बाद मोबाइल डेटा कुछ टाइम तक तो काम करता रहा, लेकिन सिग्नल टावर बंद होने से वो भी बंद हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फैसला अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। इससे पहले कुछ प्रांतों जैसे बल्ख, कंधार, हेलमंद, उरुजगान, और निमरोज में फाइबर-आप्टिक नेटवर्क बंद किए गए थे। लेकिन अब ये इंटरनेट बंदी पूरे देश में लागू हो गई, जिसमें मोबाइल नेटवर्क भी शामिल है। 2024 तक अफगानिस्तान में 9350 किलोमीटर का फाइबर-आप्टिक नेटवर्क था, जो पूर्व सरकारों ने बनवाया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

